संयम ◆संस्कार ◆संतुलन

R.N.I. No.-UPHIN/2004/22466

वर्ष-21 अंक- 205
पृष्ठ 8
बुधवार
16 अप्रैल 2025
प्रातः संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
मूल्य-1.00

# शहर समता

प्रयागराज से प्रकाशित Email : shaharsamta@gmail.com Website : https://Shaharsamta.com सम्पादक-उमेश चन्द्र श्रीवास्तव

विविध- गर्मियों में दिखना चाहती हैं कूल...
विचार- आगरा में उड़ीं संविधान की धज्जियां
खेल- पंजाब के सामने कोलकाता की चुनौती...

## वक्फ कानून से रुकेगी जमीन की लूट : योगी



**अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए : योगी**

हरदोई, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को हरदोई जिले के दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने माधौगंज के रुइया गढ़ी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बलिदानी राजा नरपत सिंह के शौर्य दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद जनता को सौगात देने के साथ जनसभा को संबोधित किया। योगी ने कहा कि वक्फ कानून से जमीन की लूट रुकने वाली है, जिससे विपक्ष को परेशानी है। ऐसा इसलिए हैं कि गुर्गे खाली होकर३जनता की जगह उन्हें ही न लूटने लग जाएं। विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा है, लेकिन हमें संविधान पर विश्वास करना और विकास से जुड़ना है। उन्होंने आगे कहा कि वक्फ संशोधन बिल से वापस आई जमीन पर अस्पताल, गरीबों के लिए मकान, स्कूल, विश्वविद्यालय, निवेश लैंड आदि बनेगा। हरदोई में सीएम आवास योजना के तहत हजारों आवास मिले हैं। जनता को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। सीएम योगी ने आगे कहा कि राशन, रोजगार, किसान सम्मान, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से जनता लाभान्वित हो रही है। विकसित भारत की परिकल्पना के लिए हमें आत्मनिर्भर होगा होना। नौजवानों की स्किल को रफ्तार देनी है। 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा होगा। उन्होंने आगे कहा कि बंगाल जल रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री चुप हैं। वह दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं। लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं? लेकिन धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगे करने की पूरी छूट दे रखी है। पिछले एक हफ्ते से पूरा मुर्शिदाबाद जल रहा है, लेकिन सरकार मौन है। ऐसी अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए।

## लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए काम करें लोक सेवक : मुर्मु



नयी दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोक सेवकों से ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा है कि स्थानीय और राज्य स्तर पर उनके द्वारा किए गए विकास एवं जन कल्याण कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने में सहायक होंगे। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के एक समूह से राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, "वे असाधारण दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से आईएएस अधिकारी बने हैं। इससे उनके व्यक्तिगत जीवन में एक परिवर्तनकारी बदलाव आया है। अब और भी अधिक दृढ़ संकल्प और समर्पण के साथ, उनके पास अनगिनत लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने का अवसर है। उनकी सेवा और अधिकार का क्षेत्र इतना व्यापक है कि वे अपनी पहली पोस्टिंग में ही कई साथी नागरिकों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं।" श्रीमती मुर्मु ने अधिकारियों को वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी सलाह दी कि वे अपने करियर की यात्रा के दौरान कुछ समय बाद पोस्टिंग के स्थानों का दौरा करें और अपने काम के दूरगामी परिणाम देखें। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों को सिविल सेवकों के अधिकारों और कर्तव्यों को ध्यान में रखना चाहिए। लोक सेवक के कर्तव्य ही उसकी जिम्मेदारियां हैं और उसके अधिकार ही उन कर्तव्यों को पूरा करने का साधन हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा, "उनके असली करियर की कहानी उनके काम से बनेगी,सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने से नहीं। उनकी असली सामाजिक संपत्ति उनके अच्छे काम से तय होगी।" उन्होंने कहा कि हर लोक सेवक को ईमानदारी और उद्देश्य के साथ काम करना चाहिए। पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सभी सामना कर रहे हैं। अनैतिकता का प्रदूषण और मूल्यों का क्षरण भी बहुत गंभीर चुनौतियां हैं। समर्पित और ईमानदार होने के बारे में और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। ईमानदारी, सच्चाई और सादगी के जीवन मूल्यों का पालन करने वाले लोग अधिक खुश रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोक सेवा में ईमानदारी सबसे वांछनीय नीति है। लोक सेवक से यह अपेक्षा की जाती है कि वे जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी और संवेदनशीलता का उदाहरण पेश करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल युग में लोगों की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। वे प्रशासकों की जवाबदेही के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को अपने साथी नागरिकों के साथ निकटता विकसित करने और स्थानीय प्रयासों में उनकी भागीदारी बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने उन्हें जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों को हल करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्थानीय एवं राज्य स्तर पर उनके द्वारा किए गए विकास एवं जन कल्याण कार्य राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होंगे।

### मोदी ने मल्लेश्वरी के योगदान की सराहना की

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओलंपिक पदक विजेता एवं प्रसिद्ध एथलीट कर्णम मल्लेश्वरी के खेल के क्षेत्र में योगदान और युवा एथलीटों को मार्गदर्शन देने के उनके



प्रयासों की सराहना की है। श्री मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा , "ओलंपिक पदक विजेता एवं प्रसिद्ध एथलीट कर्णम मल्लेश्वरी से कल यमुनानगर में मुलाकात हुई। भारत को एक खिलाड़ी के रूप में उनकी सफलता पर गर्व है। युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने का उनका प्रयास भी उतना ही सराहनीय है।"

### वक्फ अधिनियम : मुर्शिदाबाद हिंसा मामले की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं

नयी दिल्ली, एजेंसी। वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के विरोध के बीच पिछले दिनों पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भड़की हिंसा मामले की जांच अदालत की निगरानी में कराने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं की गई हैं। अधिवक्ता शशांक शेखर झा द्वारा दायर याचिकाओं में से एक में शीर्ष अदालत की निगरानी में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आग्रह किया गया है। अधिवक्ता विशाल



तिवारी द्वारा एक अन्य याचिका में शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग के गठन की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से संबंधित घटना के संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगने, जान–माल की सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्देश देने और हिंसा भड़काने वाले भड़काऊ भाषण देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि अशांति के दौरान तीन लोगों की जानें गईं। कलकत्ता उच्च न्यायालय पहले ही हस्तक्षेप करते हुए मुर्शिदाबाद जिले में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दे चुका है।

### प्रियंका ने स्थापना दिवस पर दी हिमाचल के लोगों को बधाई

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती वाड्रा का हिमाचल प्रदेश तथा यहां के लोगों से कितना गहरा लगाव है और इसका परिचय उन्होंने राज्य विधानसभा के लिए हुए पिछले



चुनाव में तब दिया था, जब वह लम्बे समय तक राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के लिए प्रचार करती रही हैं।

## संसद का विशेष सत्र बुलाकर महंगाई पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार : कांग्रेस



नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम आम लोगों की पहुंच से बहुत दूर हो गये हैं, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार इस बारे में आंख मूंदे है और जनता को महंगाई से राहत देने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई चरम पर पहुंच गई है लेकिन सरकार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण आम लोगों का जीवन कठिन हो गया है इसलिए सरकार को इस मुद्दे पर संसद में चर्चा करानी चाहिए और इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। श्रीमती लाम्बा ने कहा, "भाजपा सरकार ने महंगाई से मुंह मोड़ लिया है। इनका एकमात्र लक्ष्य है कि कैसे सरकारी और निजी कंपनियों की जेब भरी जाए। देश का आम आदमी इस महंगाई का खामियाजा भुगत रहा है। आज अगर हम देश भर में पेट्रोल–डीजल की कीमतों की तुलना करें तो–2014 में पेट्रोल की कीमत 72 रुपए प्रति लीटर थी, लेकिन आज यही आंकड़ा 98 से 100 रुपए प्रति लीटर तक है।" उन्होंने कहा, "कांग्रेस सरकार में डीजल 55 प्रति लीटर था जबकि भाजपा सरकार में 88 रुपए प्रति लीटर हो गया है। कांग्रेस की सरकार में पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 9.20 रुपए थी, आज वही बढ़कर 19.90 रुपए हो गई है। डीजल पर 2014 में एक्साइज ड्यूटी 3.46 रुपए थी, आज वही बढ़कर 15.80 रुपए हो गई है। कांग्रेस सरकार में कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन आज 65.31 डॉलर प्रति बैरल है। कच्चे तेल की कीमतों में 40 प्रतिशत गिरावट आई है, लेकिन न पेट्रोल–डीजल की कीमत कम हो रही है, न एक्साइज ड्यूटी कम हो रही है। उल्टे तेल कंपनियां तगड़ा मुनाफा कमा रही हैं।"

### दिल्ली एचसी ने अलगाववादी नेता को जमानत देने से किया इनकार, कहा- लंबी कैद नहीं हो सकती बेल का आधार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि विचाराधीन कैदी की लंबी कैद ऐसे आतंकी मामलों में जमानत देने का आधार नहीं हो सकती, जिनका देशव्यापी प्रभाव हो और जिनका उद्देश्य देश की एकता को अस्थिर करना हो। न्यायमूर्ति नवीन चावला और शैलिंदर कौर की पीठ ने यह टिप्पणी की और लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) और 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद से जुड़े आतंकी वित्तपोषण मामले में अलगाववादी नेता नईम अहमद खान को जमानत देने से इनकार कर दिया। आरोपी ने अपनी जमानत याचिका के खिलाफ निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए तर्क दिया कि निकट भविष्य में मुकदमा समाप्त होने की संभावना नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी मामले में ढीले रवैये पर की उप्र सरकार की खिंचाई

नयी दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने बाल तस्करी मामलों से निपटने में उत्तर प्रदेश सरकार के ढीले रवैये की आलोचना करते हुए देशभर में ऐसे अपराधों की रोकथाम और त्वरित सुनवाई के लिए मंगलवार को कड़े दिशा–निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने सभी उच्च न्यायालय को निर्देश दिया कि वे संबंधित निचली अदालतों में लंबित बाल तस्करी के मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी लें। साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी करें कि संबंधित निचली अदालत छह महीने के भीतर मामले का निपटारा करे। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि न्याय में देरी को रोकने के लिए ऐसे मामलों की दिन–प्रतिदिन सुनवाई की जाए।



शीर्ष अदालत ने यह कड़ी टिप्पणी तस्करी से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान, जिसमें कथित तौर पर उत्तर प्रदेश में एक दंपती को चार लाख रुपये में बच्चा बेचा गया था। दंपती कथित तौर पर एक लड़के की चाहत रखते थे और उन्होंने जानबूझकर चुराए गए बच्चे को स्वीकार कर लिया। शीर्ष अदालत ने आरोपी को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उत्तर प्रदेश पुलिस की उनके ढीले रवैये के लिए आलोचना की। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति पारदीवाला ने टिप्पणी की, "यह अग्रिम जमानत रद्द करने का मामला है, लेकिन हमने बाल तस्करी के बड़े मुद्दे पर गहनता से विचार किया।" उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा भारतीय विकास संस्थान को सौंपे गए 2023 के अध्ययन का हवाला देते हुए कहा, "कई सिफारिशों के साथ एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसे हमने अपने फैसले में शामिल किया है।"

## राकोली की पहाड़ी का लौटेगा कृष्णकालीन प्राकृति सौंदर्य

**–206 करोड़ की 10 योजनाओं में शामिल राँकोली पहाड़ी प्रोजेक्ट –ढवाला और सखी गिरी पहाड़ी पर भी होगा काम**

मथुरा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद अब राधारानी के गांव बरसाना से जुड़ी पहाड़ियों को प्राकृतिक खूबसूरती प्रदान करने जा रहा है। इसकी शुरुआत राँकोली की पहाड़ी से हो रही है। राज्य सरकार ने 2024–25 के अंतर्गत 206 करोड़ की 10 स्वीकृति योजनाओं में शामिल राँकोली पहाड़ी प्रोजेक्ट को भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मथुरा वृंदावन और गोवर्धन के बाद कब बरसाना में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। बरसाना रोपवे ने राधारानी की नगरी का आकर्षण और बढ़ा दिया है। इसी को ध्यान रखते हुए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने बरसाना के आसपास राजस्थान की सीमा स्थित पहाड़ियों को हराभरा बनाने की योजना का क्रियान्वयन शुरु कर दिया है। इसकी शुरुआत राँकोली की पहाड़ी से हो रही है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद 98 हेक्टेयर में फैली इस पहाड़ी की तार फेंसिंग कराएगा। इसके बाद यहाँ ईको रेस्टोरेशन का काम किया जाना है। इसमें प्लांटेशन, कल्चरल आपरेशन, वाटर हार्वेस्टिंग शामिल है। राँकोली के बाद पर्वतीय श्रंखला में शामिल् सखी गिरी पर्वत और ढवाला पहाड़ी को भी खूबसूरती प्रदान की जाएगी। वर्तमान में उक्त पहाड़ी क्षेत्र हरियाली विहीन हो गया है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने पर्यटन विभाग के अंतर्गत 206 करोड़ की 10 योजनाओं में शामिल राँकोली पहाड़ी प्रोजेक्ट को भी स्वीकृति प्रदान की है। 2.11 करोड़ की इस प्रोजेक्ट के लिए 1.30 करोड़ अवमुक्त किए गए हैं। इस प्रोजेक्ट में एक संस्था का सहयोग लिया जा रहा है।



**36 वन लेंगें प्राचीन स्वरूप**

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद जनपद के धार्मिक महत्व से जुड़े 36 वन स्थलों को प्राचीन स्वरूप देने जा रहा है। यहां कीकड़, बबूल को हटाकर कृष्ण कालीन पौधे लगाने का कार्य वन विभाग द्वारा किया जाएगा। इसकी अनुमति उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने सुप्रीम कोर्ट से ली है।

**ब्रज में श्रद्धालुओं के ठहरने के पर्याप्त इंतजाम**

उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ब्रज दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को बेहद कम दर में ठहरने की बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा वृंदावन, बरसाना, नंदगांव, गोकुल आदि तीर्थ स्थलों पर टीएफसी (पर्यटक सुविधा केंद्र) का निर्माण कराया जा रहा है। वृंदावन टीएफसी में ठहरने की यह बेहतर सुविधाए और शाकाहारी भोजन बेहद कम दर पर उज्ज्वल ब्रज संस्था द्वारा पिछले कई वर्षो से उपलब्ध कराया जा रहा है।

**2024–25 की स्वीकृत परियोजनाएं**

– गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर फ़साड़ और इंप्रूमेंट साइनेज का कार्य

– यमुना नदी के घाटों का विकास एंव पुनरुद्धार का कार्य

– गांव जचौंदा में शिल्पग्राम, पड़ाव और जनसुविधा का कार्य

– वृंदावन परिक्रमा मार्ग के अवशेष भाग में सीसी टीवी कैमरे, पीए सिस्टम, आईटीएमएस का कार्य

– यमुना के अक्रूर घाट, देवराह घाट, केसी घाट, मांट रोड घाट, जुगलकिशोर घाट पर क्रूज संचालन

– वृंदावन में ट्यूरिस्ट फेसलिटेशन मल्टीलेवल कार पार्किंग का विकास

– बरसाना में राँकोली पहाड़ी पर फेसिंग का कार्य

– बरसाना में टीएफसी के विस्तार का कार्य

– वृंदावन में टीएफसी विस्तार का कार्य

– जनपद के पौराणिक वनों का विकास

## जनता दर्शन में जन समस्याओं का निस्तारण करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेवतिया

मुजफ्फरनगर। प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आदेशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया के द्वारा आज में अपने कार्यालय कक्ष में जनता दर्शन में सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुन कर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर सहित जनता दर्शन में आये आम जन उपस्थित रहे।



## जन समस्याओं पर 'सम्भव' सुनवाई

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज में 'सम्भव' जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज श्री चन्द्र मोहन गर्ग, द्वारा आज दिनांक 15.04.2025 को जनशिकायतों की सुनवाई की गयी जिसमें कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई। जन शिकायतों के अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायतों से सम्बन्धित अधिकरियों को निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण ससमय कराया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। उक्त 'सम्भव' जनसुनवाई बैठक के दौरान नगर निगम प्रयागराज एवं जोनल कार्यालय के जोनल अधिकारीगण एवं जलकल विभाग के महाप्रबन्ध जलकल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मारपीट का वीडियो हुआ वायरल, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

मोरना। बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती कार्यक्रम से लौट रहे भीम आर्मी के मोरना ब्लॉक् अध्यक्ष नुकूल के साथ गाली गलौज कर समूहबद्ध व्यक्तियों ने सरेआम मारपीट की। घटना की वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गयी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी नुकूल कुमार ने बताया की वह भीम आर्मी ब्लॉक् अध्यक्ष के पद पर तैनात है सोमवार की शाम वह गांव मे आयोजित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की शोभा यात्रा सम्पन्न होने के बाद घर लौट रहा था की मोहल्ले के ही कुछ व्यक्ति शोभायात्रा मे शामिल व्यक्तियों को दुर्भावना रखकर गलियां दे रहे थे। नुकूल ने आरोपियों को किसी के बारे गलत कहने से रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने नुकूल के साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।मारपीट की घटना की वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गयी है। पुलिस ने एक आरोपी हरीओम खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किया है।

## फॉर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के डॉक्टर्स की एक सीएमई मुजफ्फरनगर में हुई संपन्न

मुजफ्फरनगर। सर्वहित मेडिकल एसोसिएशन सुजुडू मुजफ्फरनगर के सहयोग से फॉर्टिस हॉस्पिटल नोएडा द्वारा एक सीएमई का आयोजन किया गया! जिसमें फॉर्टिस हॉस्पिटल नोएडा से आए डॉक्टर विशाल बंसल सीनियर कंसलटेंट एंड यूनिट हेड सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉक्टर प्रियांशी पचौरी कंसलटेंट



हीमोटोलॉजिस्ट हेमाटो ऑनकोलॉजी एंड बीएमटी एवं डॉक्टर अनीता मालिक यूनिट हेड एंड क्लिनिकल लीड रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट ने सीएमई में मौजूद सभी डॉक्टर्स को कैंसर से जुड़ी सभी समस्याएं और बेहतर इलाज़ एवं जागरूकता से संबंधित बातों को विस्तार से सभी को बताया! सभी डॉक्टर्स ने अपने–अपने सवालों के जवाब फॉर्टिस हॉस्पिटल से आए डॉक्टर्स से मालूम किए। इस मौके पर फॉर्टिस हॉस्पिटल से आई पूरी टीम एवं सर्वहित मेडिकल एसोसिएशन से जुड़े सभी डॉक्टर्स मौजूद रहे!

## आरेडिका में मनायी अम्बेडकर जयंती

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अम्बेडकर जी की फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर महाप्रबंधक मिश्रा ने संविधान सभा की अंतिम बैठक के दिन बाबा साहब के विचारों एवं नये भारत के निर्माण के लिए उनकी दूरदर्शिता संबंधी विचारों को साझा किया। अम्बेडकर जी के त्याग, जीवन संघर्षों, महिलाओं एवं सभी समाजों के लोगों तथा विश्व व्यवस्था के लिए किए गये उनके कार्यों पर प्रकाश डाला और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने एवं अपने जीवन में उन आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। साथ ही श्री मिश्रा ने कहा कि अगर हम बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर एक दो कदम भी चलेंगे तो इस देश को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता है। आगे इसी क्रम में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, ऑल इण्डिया एससी/ एसटी एसोसिएशन के आरेडिका प्रतिनिधि देवनाथ निर्मल एवं ओबीसी एसोसिएशन के प्रतिनिधि ओमप्रकाश ने बाबा साहब के जीवन से संबंधित बहुमूल्य जानकारी को साझा किया। इसी कड़ी में भारत में सामाजिक न्याय के वास्तुकार– डा0 अम्बेडकर विषय पर रेलवे बोर्ड द्वारा निदेशित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को महाप्रबंधक महोदय ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक अकमल वदूद, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य सामग्री प्रबंधक के के कन्नौजिया, मुख्य सामग्री प्रबंधक कामेश्वर पासवान, एनके वर्मा,अनिल कुमार मिश्रा, आरएस बीका, वीके कपूर सहित अन्य अधिकारी, सभी आरेडिका कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जिम्मेदारों की लापरवाही से डूबी सड़क, गड्ढों में पानी भरा तो उतराईं दुश्वारियां

नैनी, प्रयागराज। नैनी में एफसीआई गोदाम से गुजरने वाली एक सड़क पर जाने से लोग डरने लगे हैं। मछली गेट वाले मकान के सामने सड़क इतनी खतरनाक हो गई है कि यहां गिरने पर घायल होना तय है। पिछले छह महीने में इस पर गिरकर दर्जनों बच्चे घायल हो चुके हैं। कई वाहन पलट चुके हैं। ई रिक्शा तो अक्सर पलटता रहता है। इसकी शिकायत कई बार जिला प्रशासन और नगर निगम से की गई लेकिन इस समस्या को अधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। महाकुम्भ के पहले सड़क बनाई गई। इसके दोनों तरफ पक्की नाली बनाई गई। निर्माण के चंद दिनों बाद ही सड़क फिर टूटने लगी। सड़क के नीचे से पानी निकलने लगा। देखने पर पता चला कि सड़क के नीचे पाइप टूटा है। कुछ दिन में टूटे पाइप वाला हिस्सा ताल में तब्दील हो गया।

एफसीआई गोदाम से जाने वाली सीओडी की बदहाली की शिकायतें लगातार होती रहीं पर नगर निगम अनसुना करता रहा। पानी के पाइप में लीकेज के सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मार्ग के आसपास के लोगों ने बताया कि सड़क बनने से पहले पानी का पाइप टूटा था। सड़क बनाने वालों ने टूटे पाइप को नजरअंदाज किया। लोगों ने कार्यदायी संस्था से पहले टूटा पाइप मरम्मत के लिए कहा, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सड़क बन गई और टूटे पाइप से पानी बहता रहा। अंततरू पानी के लगातार बहने से सड़क पूरी तरह बदहाल हो गई। कुछ दिन बाद सड़क पर पानी भरने लगा तो लोगों ने पार्षद व स्थानीय अधिकारियों से इसकी शिकायत की। सभी से पाइप और सड़क मरम्मत का आश्वासन मिलता रहा। उम्मीद थी कि महाकुम्भ के पहले पाइप और सड़क की मरम्मत हो जाएगी। महाकुम्भ में भी दोनों की मरम्मत नहीं हुई। महाकुम्भ के दौरान टूटी सड़क से लोगों ने आवागमन किया। महाकुम्भ के बाद भी पाइप और सड़क मरम्मत की शिकायत हो रही है, फिर भी कोई सुनने वाला नहीं। आज भी लोग टूटी सड़क से ही आवागमन कर रहे हैं। टूटे पाइप से पानी बह रहा है। पानी मार्ग के आसपास खाली प्लॉटों में भरने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

पिछले दिनों नगर निगम के कर्मचारी पहुंचे और बदहाल सड़क को देखा तो उसपर मलबा डलवा दिया। पाइप और सड़क मरम्मत का कोई आश्वासन नहीं दिया। पूछने पर सिर्फ इतना कहा कि पूरा पाइप बदलना पड़ेगा। स्थानीय लोगों के अनुसार नगर निगम के कर्मचारी सड़क पर बहते पानी को खाली प्लॉटों में भेजने के लिए कह रहे थे। लोगों ने इसका विरोध किया। टूटी सड़क के आसपास रहने वालों ने बताया कि खाली प्लॉटों में पहले से भरा पानी मुसीबत बन हुआ है। पानी से मच्छरों का आतंक है। लोग अब कह रहे हैं कि पाइप और सड़क की मरम्मत के लिए कहां जाएं। किससे सिफारिश करें।



### मार्ग के पास नाली में भरा है गंदा पानी

प्रयागराज। क्षेत्र में पानी निकासी के लिए सड़क के किनारे पक्की नाली बनाई गई। सड़क के आसपास रहने वालों को लगा कि अब बारिश का पानी घरों के सामने नहीं रुकेगा। नाली तो पहले से बड़ी मुसीबत बन गई है। नाली का अंत किसी को नहीं पता। नाली की सफाई नहीं होने से इसमें गंदा पानी जमा है। नाली में गंदे पानी से भी मच्छर पनप रहे हैं।

### गेस्ट हाउस का पानी गिराया खाली प्लॉट में

प्रयागराज। एफसीआई गोदाम रोड किनारे एक गेस्ट हाउस का गंदा पानी खाली प्लॉटों में बहाया गया। सड़क के आसपास रहने वालों ने बताया कि नगर निगम के कर्मचारी की मिलीभगत से गेस्ट हाउस का पानी खाली प्लॉटों में बहाया गया। नाली से प्लॉट में पानी बहाने के लिए रास्ता बनाया गया। पिछले दिनों नगर निगम के कर्मचारी भी मौके पर टूटी सड़क देखने पहुंचे तो पाइप से बहता पानी खाली प्लॉट में डंप करने को कहा।

सड़क के निर्माण में बड़ी लापरवाही हुई। पाइप की मरम्मत किए बगैर सड़क बना दी। सड़क टूती तो आवागमन खतरनाक हो गया। आए दिन टूटी सड़क पर दुर्घटना होती है। लोग और बच्चे गिर रहे हैं। गंदा पानी भरने से मच्छरों का आतंक बढ़ गया है।–डॉ. अजय सोनकर

महाकुम्भ के पहले सड़क बनते ही टूटने लगी। सड़क बनाने के पहले टूटा पाइप नहीं बनाया। टूटी सड़क पर छोटी सी लापरवाही खतरा बन सकती है। आंखों के सामने लोग और बच्चों को गिरते देखते रहते हैं। गंदा पानी प्लॉटों में भरने से मच्छर भी अधिक हो गए हैं।– मानव सोनकर

पिछले कई महीनों से रोड खराब है, पाइप फटा है। पानी बहने की वजह से सड़क टूट गई। टूटी सड़क पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। महाकुम्भ के पहले से शिकायत हो रही है, लेकिन न टूटे पाइप की मरम्मत हुई और न ही सड़क बनाई गई।–– राजकुमार चौरसिया (बबलू)

महाकुम्भ के दौरान यह सड़क बनाई गई थी। सड़क के दोनों ओर पक्की नाली भी बनी। दो माह में सड़क टूट गई, नाली का भी उपयोग नहीं हो रहा है। कई बच्चे गिरकर घायल हो चुके। गड्ढे में फंसने से वाहन भी पल रहे हैं। फिर भी मरम्मत नहीं हो रही है।

गंदगी और जलभराव के कारण कोई गाड़ी यहां नहीं रुक रही। जिससे पूरी दुकानदारी चौपट हो गई है। सड़क किनारे नालियों में भी पानी भरा रहता है। पास के प्लॉट में गंदा पानी भरा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। टूटी सड़क पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। –––मुन्नालाल

छह माह में सड़क खराब हो जाती है, बार–बार मरम्मत कराई जाती है। इस ओर अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए। इसकी व्यवस्था ऐसी करें, कि बार–बार इसे बनवाना न पड़े। महाकुम्भ के दौरान लोगों ने टूटे मार्ग से आवागमन किया। दुर्घटनाएं होती रहती हैं।–– शशिकांत सरोज

- –सड़क निर्माण में लापरवाही होती है।
- –सड़क के पास नाली में गंदा पानी भरा रहता है।
- –शिकायत के बाद भी सड़क, पाइप की मरम्मत नहीं हुई।
- –खाली प्लॉटों में पानी भरा होने से मच्छरों की भरमार।
- –नगर निगम चक की समस्या को लेकर गंभीर नहीं।
- –पाइप और सड़क की मरम्मत की जाए।
- –खाली प्लॉटों में भरा पानी निकाला जाए।
- –नालियों से जल निकासी की व्यवस्था करें।
- –शहर का हिस्सा बना तो निगरानी भी बढ़े
- –नालियों की लगातार सफाई की जाए।

टूटे मार्ग किनारे ही हमारा घर है। बदहाल मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करना पड़ता है। मार्ग से हजारों लोग आते–जाते हैं। महाकुम्भ के पहले पानी के टूटे पाइप पर कैसे सड़क बना दी गई, इसकी जांच होनी चाहिए। पाइप और रोड के मरम्मत की कोई सुधि नहीं ले रहा है।–– अंशु पासी

बदहाल सड़क की वजह से दुकानदारी चौपट हो गई है। दुकान के पास ही बड़ा गड्ढा हो गया है। महाकुम्भ में लाखों लोग टूटी सड़क से आवागमन करते रहे। सड़क के नीचे टूटे पाइप से पानी बहता रहा। मार्ग की समस्या न कोई सुनने वाला है न देखने वाला।

मेला के पहले से समस्या है। महाकुम्भ के पहले सड़क बनाई गई थी। सड़क के नीचे पाइप टूटने से पानी बहने लगा। इसकी वजह से सड़क का बड़ा हिस्सा खराब हो गया। आए दिन यहां गिरकर लोग घायल हो रहे है। पानी के पाइप और सड़क की मरम्मत नहीं हो रही है।–– अनिल मौर्य

टूटी सड़क किनारे कई स्कूल हैं। सभी स्कूलों के बच्चे इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। आए दिन हादसा होता है। वाहन पलट रहे हैं। यहां से आवागमन करने वालों को परेशानी होती है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि सड़क की बदहाली देख रहे, फिर भी मरम्मत नहीं कराते।–– रोहन पटेल

रोजाना इसी खतरनाक सड़क से आवागमन करना पड़ता है। अपने सामने ई रिक्शा पलटते देखते हैं। गड्ढे में गिरने से कई बच्चे घायल हो चुके हैं। बड़े तो चुटहिल होते रहते हैं। कई लोगों ने नगर निगम और प्रशासन में शिकायत की लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हो रही है।––नंदिनी

मैं एक शिक्षिका हूं। इसी रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ता है। स्कूल के बच्चे व टीचर कई बार इस गड्ढे में गिरकर घायल हो चुके हैं। ई रिक्शा पलटता रहता है। सड़क के नीचे टूटे पाइप का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, लेकिन इसकी मरम्मत कराने में लापरवाही हो रही है।–– अंकिता

कई साल से यहां नाली की निकासी नहीं है, जिससे आए दिन सड़क बनती है और खराब हो जाती है। जलभराव के कारण बीमारी फैलने का डर है। महाकुम्भ के पहले टूटे पाइप की मरम्मत किए बिना ही सड़क बना दी। अब खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं।

गंदा पानी यहां कई महीने से भरा है। खाली प्लॉट में भी पानी भरा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बहुत ज्यादा बढ़ गया है। टूटी सड़क के आसपास रहने वाले कई तरह की परेशानी से जूझ रहे हैं। खाली प्लॉट से पानी निकलवाकर दवा का छिड़काव कराया जाए।–– विजय लक्ष्मी

# जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण

## पुरानी बिल्डिंग का ध्वस्तीकरण कराकर नये शेड का निर्माण कराया जाये–जिलाधिकारी

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी सहित समस्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष/महामंत्री/अन्य अधिवक्तागण, पीडब्लूडी, ईओ नगर पालिका, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एवं नाजिर सदर कलेक्ट्रेट के साथ निरीक्षण किया। डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में पैदल भ्रमणकर विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा और इस दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर की समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर व शेडों की व्यापक साफ–सफाई कराने व पेयजल आदि की व्यवस्थाओं हेतु ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया। लोक निर्माण विभाग के एक्सईन को निर्देशित किया गया कि पुरानी बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण कराकर नये शेड का निर्माण कराया जाये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में आईजीआरएस सेल, निर्वाचन कार्यालय व आपदा कार्यालय का निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि आईजीआरएस सेल को डीएम कैम्प कार्यालय में शिफ्ट किया जाये व आईजीआरएस सेल में निर्वाचन कार्यालय को शिफ्ट करने के लिये सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये गये।



# फीस वृद्धि के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा

प्रयागराज। अभिभावक एकता समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में निजी स्कूलों में फीस वृद्धि किए जाने के विरोध में के विरोध में जिलाधिकार के कार्यालय श्री सत्यम मिश्रा नगर अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौपा। इस अवसर में विजय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय प्राइवेट कान्वेन्ट स्कूलों में बेतहाशा वृद्धि से अभिभावक परेशान हैं। स्कूलों में 15/= से 25/= प्रतिशत फीस वृद्धि उसके बाद लगभग हर साल पाठ्य पुस्तकों में बदलाव हो रहा हैं, स्कूलों को भी व्यवसायिक केन्द्र बनाकर या किसी दुकान से तालमेल करके कापी किताब , जूते मोजे,आदि सामग्री मनमानी कीमत पर खरीदने हेतु अभिभावकों को विवश किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में आम आदमी अपने बच्चों को शिक्षित कर पाने में असहज दिखाई दे रहा है

उत्तर प्रदेश शासन व जिला प्रशासन से

(1) कान्वेन्ट स्कूलों में हो रही बेतहाशा फीस वृद्धि पर तत्काल पर रोक लगाई जाये!

(2) शिक्षा के मन्दिर स्कूलों का व्यवसायीकरण रोककर अभिभावकों को कहीं से भी कापी किताब,जूते मोजे आदि खरीदने हेतु स्वतन्त्र किया जाये

(3) पाठ्यक्रमों में बदलाव में कम से कम 10 वर्ष का अन्तर निर्धारित किया जाय

हम अभिभावक गण विश्वास करते हैं कि सरकार व प्रशासन हमारी पीड़ा को समझते हुए हमारे अनुरोध को स्वीकार करेगा अन्यथा हम अभिभावकों को सड़क पर उतरकर आन्दोलन हेतु बाध्य होना पड़ेगा ज्ञापन सौपा वाले सर्वश्री बृजेश निषाद गुड्डू मनी प्रमोद गुप्ता मनीष गुप्ता विकास अग्रहरि इमरान अली अरुण सिंह अतुल खन्ना योगेश चौरसिया प्रदीप श्रीवास्तव आदि अभिभावक गण मौजूद रहे।



## एस सी/एस टी रेलवे एसोसिएशन ने 'कोरल क्लब' में मनायी अम्बेडकर जयन्ती

प्रयागराज। वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, श्री वीरेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन के लोको ब्रांच/ प्रयागराज द्वारा प्रयागराज मण्डल/उत्तर मध्य रेलवे के ष्कोरल क्लबष में डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयन्ती मनायी गयी । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्य सिग्नल एवं टेलीकम इंजीनियर, श्री आरपी कनौजिया थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति श्री आर.पी. कनौजिया ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अम्बेडकर जी के विचार समानता, शिक्षा और दलित उत्थान पर केंद्रित थे, जिन्होंने भारतीय समाज में सामाजिक सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महान विधिवेत्ता, विद्वान एवं राजनीतिज्ञ अम्बेडकर जी किसी समुदाय की प्रगति को उस डिग्री से मापते थे जो महिलाओं ने हासिल की है। इस कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारी ने अपने परिवार एवं बच्चों के साथ भागीदरी की ।अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज़, भाषण, डांस एवं अन्य प्रतियोगिताओं में लगभग 1000 रेलवे कर्मचारियों ने अपने परिजनों के साथ भाग लिया। उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, श्री सतेंद्र कुमार सिंह; विधि अधिकारी, श्री लक्ष्मी प्रसाद, मण्डल विद्युत अभियंता, श्री संजय कुमार; सहायक मण्डल विद्युत अभियंता, श्री राकेश कुमार; सहायक मण्डल एवं दूर संचार अभियंता, श्री नारद; पूर्व राज भाषा अधिकारी, श्री शेष नाथ पुष्कर; मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ सतीश चन्द्र; ऑडिट अधिकारी/रेलवे विद्युतीकरण, श्री राजेश कुमार; डायरेक्टर इलाहाबाद संग्रहालय, डॉ वामन वानखेड़े; संरक्षा सलाहकार/लोको ब्रांच, श्री चन्द्रिका प्रसाद; मुख्य लोको निरीक्षक, श्री सुरेन्द्र प्रसाद; रेलवे के ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।



## मथुरा में 3 बदमाशों को लगी पुलिस की गोली

मथुरा। आठ अप्रैल को थाना यमुनापार के पानी गांव क्षेत्र में बदमाशों ने एक मोटरसाइकिल लूट की घटना को अंजाम दिया था। 14 अप्रैल की रात को पुलिस को सूचना मिली कि मोटरसाइकिल लूट की घटना कारित करने वाले बदमाश क्षेत्र में हैं और किसी दूसरी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। सटीक सूचना पर थाना जमुनापार पुलिस, स्वाट टीम व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्यवाही की जिसमें वृन्दावन कट नये बाइपास पर लुटेरे बदमाशों से हुयी पुलिस मुठभेड़, दौराने मुठभेड़ में तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गये। घायल हुए बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाशों की पहचान जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र प्रभुदयाल निवासी कांका थाना इगलास जनपद अलीगढ उम्र करीब 28 वर्ष, पवन पुत्र महावीर प्रसाद निवासी अशोक नगर पार्क के पास गूलर रोड थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ उम्र करीब 26 वर्ष तथा सनी पुत्र इन्दरपाल निवासी श्रीराम धर्मशाला के पास रघुवीरपुरी थाना बन्नादेवी जनपद अलीगढ उम्र करीब 26 वर्ष के रूप में हुई है।

## शहर समता विचार मंच, शिलोंग इकाई की काव्यगोष्ठी सम्पन्न

शिलांग। शहर समता विचार मंच शिलोंग इकाई, मेघालय की महिला काव्य गोष्ठी नीता शर्मा की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस काव्यगोष्ठी की मुख्य अतिथि अनीता दूबे जबलपुर, मध्य प्रदेश से जुड़ी। यह काव्य गोष्ठी 13 अप्रैल, 2025 को रविवार को शाम 6.30 बजे गूगल मीट पर ऑनलाइन आयोजित की गई। काव्यगोष्ठी का शुभारंभ सुनीता भट्ट गोजा द्वारा मधुर गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से की गई और गोष्ठी का कुशल संचालन और संयोजन मल्लिका दे विष्णु ने किया। इस काव्य गोष्ठी में गीता लिंबू, नीता शर्मा, सुनीता भट्ट गोजा, दया शर्मा, मल्लिका दे विष्णु और अनुपमा प्रधान ने अपनी सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति द्वारा आयोजन में चार चांद लगा दिये। मुख्य अतिथि अनीता दूबे ने भी अपनी सुंदर कविता पाठ और सार्थक प्रतिक्रियाओं द्वारा सबको प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नीता शर्मा ने सभी कलमकारों की रचनाओं पर प्रतिक्रिया देकर सबको प्रोत्साहित किया और अपनी कविता का भी पाठ किया। अंत में सुनीता भट्ट गोजा ने धन्यवाद ज्ञापन देकर काव्यगोष्ठी का समापन किया।




## जबलपुर इकाई की काव्यगोष्ठी सम्पन्न

जबलपुर। शहर समता विचार जबलपुर इकाई की काव्यगोष्ठी अप्रैल माह के काव्य गोष्ठी श्री राम जन्मोत्सव उपलक्ष्य में ऑनलाइन सफलतापूर्वक संपन्न। काव्यगोष्ठी का शुभारंभ अध्यक्षता कर रही रचना सक्सेना, मुख्य अतिथि डा. कामना कौस्तुभ




सारस्वत अतिथि अर्चना मलैया विशिष्ट अतिथि छाया त्रिवेदी, डा. राजलक्ष्मी शिवहरे सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती की मूर्ति में माल्यार्पण द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति सिद्धेश्वरी सराफ द्वारा । काव्य गोष्ठी का संयोजन उमा मिश्रा प्रीति एवं संचालन अनीता दुबे ने किया। अतिथियों का स्वागत छाया सक्सेना प्रभु। काव्य गोष्ठी में सभी बहनों ने अपनी सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति द्वारा आयोजन में चार चांद लगा दियें। आरती शर्मा,मंजूषा किंजवडकर,राजकुमारी रैकवार, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव जय श्रीकांत, रचना सक्सेना जबलपुर, रश्मि पांडे,डॉ आशा श्रीवास्तव, शशिकला सेन, अनुराधा गर्ग, डॉ मुकुल तिवारी, डा. कुमकुम शुक्ला , कुमारी चंदा देवी स्वर्णकार शैली सेठ। धन्यवाद ज्ञापन चंद्र प्रकाश वैश्य किया।

## डॉ. आम्बेडकर का केक काटकर समारोह पूर्वक मनाया गया जयन्ती महोत्सव

मुजफ्फरनगर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन वर्मा के दिशा–निर्देशानुसार, देश के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ० भीमराव राम जी आम्बेडकर की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करने के क्रम में दिनांक 14 अप्रैल 2025 को संध्याकाल में मुज़फ्फरनगर की प्रसिद्ध मैजिक डांस एकेडमी के हॉल में प्रदेश प्रधान महासचिव श्री राजीव मोहन गोयल के मुख्य सानिध्य, जिलाध्यक्ष डॉ० चन्द्रप्रकाश की अध्यक्षता, युवा जिलाध्यक्ष कोरियोग्राफर मोहन अरोरा के संयोजन व इं० बसन्त कुमार गोयल के संचालन में एक नन्हीं बालिका के हाथ से केक काटकर एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह पूर्वक उनका यशोगान करते हुए जयन्ती मनाई गई। प्रदेश प्रधान महासचिव श्री राजीव मोहन गोयल ने डॉ० भीमराव आम्बेडकर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित किए एवं अपने सम्बोधन में कहा कि सच्चे अर्थों में वर्तमान राजनैतिक परिपेक्ष्य में लोक जनशक्ति पार्टी ही है जो राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान के कुशल नेतृत्व में बाबा साहब के पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए देश के दलितों, पिछडों, वंचितों, मजलूमों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं व आमजन के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष डॉ० चन्द्रप्रकाश ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से केन्द्रीय नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष श्रद्धेय पवन वर्मा के साथ कंन्धे से कंधा मिलाकर बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलकर पार्टी नीति रीति के अनुरूप जनमानस की सेवा में जुटकर पार्टी व अपने उच्च नेतृत्व को मजबूत करने का आह्वान किया। वरिष्ठ पत्रकार राकेश अरोरा, कोरियोग्राफर विशा, रचित गोयल........ आदि उपस्थित रहे।



# अम्बेडकर केन्द्रित कवियों की रचनाओं से श्रोतागण हुए मंत्रमुग्ध

दिल्ली। साहित्य उपवन रचनाकार की टीम विश्वरत्न विश्व भूषण ज्ञान के प्रतीक बोधिसत्त्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर सिद्धार्थ बुद्ध टैंपल यमुना विहार में भव्य कवि सम्मेलन में शिरकत की। इस कवि सम्मेलन का आयोजन सिद्धार्थ बुद्ध टैंपल के अध्यक्ष और भूतपूर्व विधायक श्री बलजोर सिंह जी के सौजन्य से हुआ। कार्यक्रम का आगाज कवि आर. डी. गौतम विनम्र जी द्वारा बुद्ध वंदना से हुआ। संचालन का दायित्व दिनेश कुमार जी ने खूबसूरत तरीके से संभाला। मंच की शोभा बढ़ाने वाले साहित्य के कई श्रेष्ठ हस्ताक्षर जिनमें डॉ. सुनीता सक्सेना जी, उपवन के संरक्षक डॉ. राकेश सक्सेना जी, साहित्य उपवन रचनाकार मंच के अध्यक्ष रोहित रोज जी, समाजसेवी एवं कवि आ. एन. पी. निशांत जी एवं सिद्धार्थ बुद्ध विहार के अध्यक्ष/भूतपूर्व विधायक श्री बलजोर सिंह जी आदि रहे।

यह विशुद्ध कवि सम्मेलन बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इसलिए सभी रचनाकारों ने अपने काव्य पाठ में बाबा साहेब के संघर्ष को केंद्र में रखकर काव्य पाठ किया। इस भव्य कार्यक्रम के साक्षी बहुत सारे साहित्य प्रेमी बने। शिरकत करने वाले सभी रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक काव्य पाठ करके श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। साहित्य उपवन रचनाकार की टीम ने इस कवि सम्मेलन में एक से बढ़कर एक और अद्भुत रचनाएँ सुनाई। इस आयोजन में तथागत बुद्ध की भव्य प्रतिमा के साथ बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जी आकर्षक चित्र लगा था। कवियों के साथ समाज के अनेक जिम्मेदार उपासकों ने पुष्प अर्पित कर आदरांजलि प्रस्तुत की। मंच के अध्यक्ष रोहित रोज एवं आर डी गौतम विनम्र ने हर प्रतिभागी कवि के काव्य पाठ का फेसबुक पर उत्सव वाटिका मंच में लाइव प्रसारण कर उत्साहवर्धन किया। उपवन के अन्य पदाधिकारी जो कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाये वे सभी फेसबुक पर कार्यक्रम को देखकर प्रफुल्लित होते रहे। कार्यक्रम को अपनी गरिमामई उपस्थिति व मनभावन प्रस्तुति से सफल बनाने वाले मुख्य रचनाकार हैं –

डॉ. राकेश सक्सेना जी, डॉ. सुनीता सक्सेना जी, दिनेश कुमार जी, आर. डी. गौतम विनम्र जी एन. पी. निशांत जी एवं डॉ. रोहित रोज आदि रहे। कार्यक्रम सादगी सभ्यता और शालीनता के परिसर में सम्पन्न हुआ।




आर डी गौतम विनम्र जी ने सुमधुर आवाज़ में

ष्जय भीम की ललकार है संसार में हटके।

हमको भी समझाई है उस सरदार ने हटके.... गीत प्रस्तुत कर श्रोतओं का मन मोह लिया।

डॉ. सुनीता सक्सेना जी ने बाबा साहब पर खूबसूरत रचना के साथ ष मैं नारी हूँ ष रचना पढ़ कर तमाम दर्शकों को प्रभावित किया।

दिनेश कुमार जी ने प्रेरक पंक्तियाँ पढ़ कर करतल ध्वनि से सभागार को गुंजायमान कर दिया।

ष्राम वालों को खुदा से बू आती है

मुसलमान को भगवान से बू आती है

फ़ुरसत किसको खिदमत करे इंसान की

यहाँ तो इंसान को इंसान से बू आती है...

डॉ. राकेश सक्सेना जी ने ष्अपनी वाणी सहज़ और सरल कीजिये।

कर्म को धर्म मानो न छल कीजिये.... से मन्त्र मुग्ध कर झूमने को मजबूर कर दिया।

साहित्य उपवन रचनाकार मंच के अध्यक्ष रोहित रोज जी के शब्दों में..

बुद्ध भगवान की हम शरण आ गए।

मन से छूने तथागत चरण आ गए.....

अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को वाह वाह करने पर मज़बूर कर दिया।

इस भव्य कार्यक्रम को कालोनीवासियों ने बड़े मन से सुना और सराहा। शिरकत करने वाले सभी कवि/कवयित्रियों को अंगवस्त्र एवं बैज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अंत स्नेह युक्त लज़ीज़ भोजन के साथ सम्पन्न हुआ।

# अमृत आर्ट गैलरी में राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का हुआ भव्य उद्घाटन

## प्रयागराज के कलाकार पद्मश्री डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल एवं अकादमी कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

प्रयागराज। सोमवार को सायं अमृत आर्ट गैलरी कानपुर द्वारा कलाकारों की सामूहिक राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्धघाटन प्रयागराज के ख्याति प्राप्त चित्रकार पद्मश्री श्यामबिहारी अग्रवाल एवं गेस्ट ऑफ ऑनर रवीन्द्र कुशवाहा के कर–कमलों द्वारा संपन्न हुआ । संरक्षक सुमित ठाकुर के मार्गदर्शन में,यह कानपुर के लिए महत्वपूर्ण कला प्रदर्शनी अखिल भारतीय स्तर की अमृत आर्ट गैलरी द्वारा आयोजित है , इस प्रदर्शनी में देश के मुंबई , दिल्ली , हैदराबाद , कौशांबी, पटना ,मिर्जापुर ,वाराणसी,लखनऊ, फरीदाबाद ,मथुरा, एवं प्रयागराज नगर के कलाकारों की भावपूर्ण कृतियों को प्रदर्शित किया गया है , इस प्रदर्शनी में कलाकारों के द्वारा अपनी निजी शैली में विभिन्न माध्यमों में जलरंग ,एक्रेलिक , तैल रंगो से कलाकारों ने अपनी विचारों की अभिव्यक्ति को यथार्थवादी, अति यथार्थवादी एवं अमूर्त चित्रण किया है । कला और सौंदर्य की चेतना को जागृत करने के लिए नगरवासियों, कला अनुरागियों, कलाकारों को इसे अवश्य देखना चाहिए। इसमें कलाकार अर्चना पाण्डेय, सुमित ठाकुर, रवीन्द्र कुशवाहा, तलत महमूद, राजेंद्र भारती, अनूप सिंह श्जोयल गिलश,सचीकांत झा, मनीष मंजुल, कसुला पद्मावती, राजीव सेमवाल, भोला सिंह, मनोज हंसराज ,कमलेश, गौतम दास, मिहिर कायल, राजीव देयांशी . देबार्षि शासमल , धीरेन शासमल,अनूप कुमार सिंह, अनिल सोनी, मो० सुलेमान, माजीद मंसूरी, कमलेश वर्मा एवं खुशबू सम्मलित रहे। अमृत आर्ट गैलरी के निदेशक सुनील लखमानी ने अतिथियों का स्वागत–सत्कार बुके से किया तथा गिफ्ट पैक से सम्मानित भी किया निदेशक ने बताया कि प्रदर्शनी का संयोजन सुमित ठाकुर ने किया। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर प्रो.हृदय गुप्ता, प्रो.कुमुदबाला, कलाकार नीतू साहू, आर एस पांडेय, डॉ. लोकेश्वर सिंह, बी ठाकुर समेत अन्य गणमान्य व कलाकार मौजूद रहे।



# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर का 134वाँ जन्म दिवस समारोह आयोजित


प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के अरावली सभाकक्ष में भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर का 134वाँ जन्म दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात श्री एस. बालाचन्द्र अय्यर, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, अखिल भारतीय रेल कर्मचारी अनुसूचित जाति/जन जाति एसोसियेशन के पदाधिकारीगण एवं उपस्थित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजली देकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर महाप्रबंधक/ उत्तर मध्य रेलवे श्री उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि बाबा साहेब के जीवन से हमें इस बात की प्रेरणा मिलती है कि हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा सच्चाई का अनुसरण कर समाज सेवा करते रहें। बाबा साहेब के आदर्शों एवं निर्देशों का अनुपालन करना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। इसी क्रम में मुख्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर मीतू कोरी ने काव्य पाठ किया।उन्होंने बाबा साहेब के व्यक्तित्व के बारे में कहा ष लेकर के झाडू हाथ में कलम थमा गया; जख्मी पड़ी थी कौम, वो मरहम थमा गयाष। इसी क्रम में श्री राम शंकर, श्री दिनेश कुमार, श्री लवकुश सिंह रावत ने भी विचार रखे।

इसी कड़ी में रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार बाबा साहेब द्वारा प्रदान किए गए सामाजिक न्याय के मूल्यों पर कर्मचारियों के मध्य जागरूकता हेतु मुख्यालय स्तर पर निबंध–लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया – श्रीमती वंदना सिंह, वरिष्ठ खण्ड अभियंता, संकेत एवं दूरसंचार विभाग/मुख्यालय, द्वितीय स्थान पर है सुश्री ऋचा पाण्डेय, कनिष्ठ लिपिक/कार्मिक विभाग, मुख्यालय एवं तृतीय स्थान पर है श्री अर्जुन सिंह, लेखा लिपिक/लेखा विभाग, मुख्यालय। इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय द्वारा इन विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एंव नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम विजेता को रू 2000/–, द्वितीय को रू 1500/– एवं तृतीय विजेता को 1000/– की नकद पुरस्कार धनराशि प्रदान की गयी।

अन्त में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।






## मन चंचल है अरु हठी

(कुण्डलिया)

मन चंचल है अरु हठी,सुने न कोई बात।
दिन कहता यदि साधु है,वह कहता है रात।
वह कहता है रात,साथ करता मनमानी।
सोचो तनिक उपाय,दवा दो या दो पानी।
चिन्तित नहीं प्रदीप, देखकर उसकी खन खन।
करते हैं हरि–बात,प्रेम में डूबा तब मन।।

चंचल घोड़े की तरह,मन की देख उड़ान।
घुड़सवार की भाँति ही,रखें हमेशा ध्यान
रखें हमेशा ध्यान, साधिए धीरे–धीरे।
करिए यह अभ्यास,नदी के तीरे–तीरे।
सुन लो कहें प्रदीप,सुनो पहले वह हलचल।
खींचो प्रेम लगाम, तभी बदलेगा प्रिय मन।।

**डॉ. प्रदीप चित्रांशी**
लूकरगंज, प्रयागराज

## प्राथमिक विद्यालय भगोतीपुर में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

बदायूं । दातागंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भगौतीपुर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया ।सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विपिन कुमार एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आर्येंद्रपाल सिंह और प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेश कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि ने कक्षा 5 पास उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया साथ ही कक्षा चार और कक्षा पांच में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को पुस्तकों का वितरण किया। सम्मान पत्र और पुस्तक प्राप्त कर छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से झूम उठे ।प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान विद्यालय के अध्यापक इरफान अली, रजनी बन, रसोइया और ग्रामीण उपस्थित रहे।



## आवारा सांड की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल

मोरना। टंढेडा गांव में आवारा पशुओं का आतंक जारी है। आवारा पशुओं के झुंड गांव में घूम रहे हैं ।जिससे ग्रामीण परेशान है ।मंगलवार को गेंहूँ की फसल कटाई करने जा रही मजदूर महिला को आवारा सांड ने टक्कर मारकर घायल कर दिया महिला को उपचार के लिए भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। ग्रामीणों ने आवारा पशुओं को पकड़ने की मांग प्रशासन से की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेडा निवासी शौकीन ने बताया की वह थ्रेशिंग मशीन पर मजदूरी का काम करता है। मंगलवार की दोपहर उसकी पत्नी शहनाज़ 35 वर्ष जंगल मे गेहूँ की फ़सल की कटाई करने जा रही थी की बेहड़ा सादात मार्ग पर टहल रहे गुस्साये आवारा सांड ने उसे टककर मार दी। शहनाज़ की चीख पुकार सुनकर पास से गुज़र रहे राहगीरों ने उसकी जान बचाई। तथा एम्बुलेंस द्वारा भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुँचाया। शौकीन ने बताया की गांव मे आवारा पशु घूम रहे हैं। जो फसलों को नुकसान पहुंचाने के अलावा महिलाओ व बच्चों मे दहशत फैलाए हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा पशुओ को पकड़वाने की मांग की है।



# सम्पादकीय.......

## बेहाल बुजुर्ग

केरल की गिनती देश के सबसे शिक्षित राज्यों में होती है। लेकिन आज 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। दरअसल, समुद्र तट से लगे इस राज्य में खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ लगी रही है। शिक्षा ने जहां प्रगतिशील सोच दी है, वहीं अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है। यह होड़ हाल के वर्षों में पंजाब–हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति–नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता–आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता–पिता का क्या होगा। एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। सामाजिक सुरक्षा की वह छांव कहां, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। केरल के कई गांवों में लोग एक दिन हर बुजुर्ग का हाल पूछते हैं कि क्या वे सुरक्षित हैं। वे चर्च व पंचायतों में बैठकें करते हैं ताकि एक–दूसरे के हाल–चाल जान सकें। निश्चय ही ऐसे वैकल्पिक प्रयासों से सामाजिक सुरक्षा को संबल मिलेगा। बताते हैं कि मार्च माह के अंत में बुजुर्गों के इस एकाकीपन के संकट को महसूस करते हुए केरल सरकार ने एक वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाने की घोषणा की है। यह वक्त बताएगा कि लाल–फीताशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कब तक कारगर भूमिका निभाना शुरू करेगा। लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो सहायक ही हो सकता है। देखना होगा कि सरकारी अधिकारी कितनी संवेदनशीलता से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करते हैं। सरकार का दावा है कि यह आयोग एकाकीपन का त्रास झेल रहे बुजुर्गों के अधिकार, कल्याण और पुनर्वास के लिये काम करेगा। निस्संदेह, बुजुर्गों की आवश्यकताएं सीमित होती हैं। लेकिन उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर–घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। लेकिन देखना यह होगा कि भ्रष्टाचार के घुन से खोखली होती व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिक आयोग ऐसे संकट का कारगर समाधान उपलब्ध कराने में किस हद तक सफल हो पाता है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता इसमें सहायक बनेगी। नीति–नियंताओं को सोचना होगा कि अगले दशकों में युवा भारत बुजुर्गों का भारत बनने वाला है। वर्ष 2050 तक भारत में साठ साल से अधिक उम्र के 34.7 करोड़ बुजुर्ग होंगे। क्या इस चुनौती से निपटने को हम तैयार हैं?

# आगरा में उड़ीं संविधान की धज्जियां

**डॉ. दीपक पाचपोर**

*समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ वक्ताओं ने गुस्सा तो उतारा ही, उन्हें मार डालने की खुली धमकियां दी गयीं जबकि वहां पुलिस की बड़े पैमाने पर तैनाती थी।*

स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन किया वह शक्ति प्रदर्शन तो था ही, उससे बढ़कर वह संविधान की धज्जियां उड़ाने वाला कार्यक्रम साबित हुआ। क्षत्रिय समुदाय के देश भर से लोग यहां एकत्र हुए थे। इसमें एक ओर तो सीधे–सीधे हथियारों का जंगी प्रदर्शन किया गया, वहीं दूसरी तरफ मारने–काटने की सरेआम बातें हुईं। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ वक्ताओं ने गुस्सा तो उतारा ही, उन्हें मार डालने की खुली धमकियां दी गयीं जबकि वहां पुलिस की बड़े पैमाने पर तैनाती थी। किसी अनहोनी की आशंका में प्रशासन ने भारी सुरक्षा व्यवस्था की थी। याद हो कि पिछले दिनों सुमन ने संसद मे एक बयान में राणा सांगा को यह कहकर श्गद्दारश करार दिया था कि बाबर को भारत में वे ही बुलाकर लाये थे। इसे लेकर क्षत्रियों में गहरी नाराजगी है। करणी सेना के कुछ लोगों ने तो सुमन की जुबान काट लेने वाले के लिये पुरस्कार तक घोषित किया था। यदि उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी होती तो यह नौबत न आती। सम्मेलन में देश भर से पहुंचे क्षत्रिय समुदाय के लोग तलवारें लहराते दिखे और मंच पर से उन्होंने बहुत आक्रामक भाषण दिये। इन भाषणों में आए लोगों ने रामजी लाल सुमन के खिलाफ नाराजगी जताई। एक व्यक्ति ने मंच से खुले आम कहाः जो राणा सांगा के खिलाफ बात करेगा, उसे अपने हिसाब से दंड दिया जाएगा। संयुक्त करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने धमकी दी कि रामजी लाल सुमन की उनके घर में घुसकर हड्डी तोड़ी जायेगी। उन्होंने साफ कहा कि, श्कभी तो उनकी सुरक्षा में चूक होगी, तब उनकी कुटाई होगी। संविधान का डर नहीं, कुटाई से डराया जा सकता है।श चम्बल की बैंडिट क्वीन फूलन देवी की हत्या में दोषी पाये गये शेर सिंह राणा भी कार्यक्रम में आए थे। उन्होंने मांग की कि सुमन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) की धाराएं लगाई जायें। उन्होंने सांसद की सदस्यता रद्द कर उन्हें जेल भेजने की भी मांग की। पूर्व राजपूत करणी सेना अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी, जिनकी पिछले दिनों उनके घर में घुसकर हत्या कर दी गयी थी, की पत्नी शीला भी मंच पर थीं। उन्होंने कहा– श्हमें गर्व है कि हम राणा सांगा के वंशज हैं। कोई गद्दार हमारे भगवान पर सवाल उठाता है, तो उसे देश में रहने का अधिकार नहीं है।श करणी सेना के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने तो और एक कदम आगे बढ़ते हुए कहा कि अब माफी से भी काम नहीं चलने वाला। करणी सेना के कार्यकर्ता कुछ भी कर सकते हैं। वैसे भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक धर्मपाल सिंह चौहान ने कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजकों से ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि करणी सेना की मांगों को वे सरकार तक पहुंचायेंगे। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात करणी सेना के लोगों हाईवे को अवरूद्ध कर दिया था। वे सुमन के निवास की ओर जाना चाहते थे। उनके इस प्रयास को पुलिस ने विफल कर दिया। कई जगह करणी सेना के लोगों और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की के नजारे देखने को मिले। हजारों की संख्या में हथियारों से लैस राजपूतों के इस सम्मेलन ने बता दिया कि देश की कानून–व्यवस्था किस खतरनाक स्थिति में पहुंच गयी है और सत्ता से नजदीकियां किसी भी एक समूह को किस हद तक उच्छृंखल बना देती है। सभा स्थल को देखने से साफ था कि आयोजकों एवं उसमें शामिल लोगों के लिये न तो कानून के प्रति कोई सम्मान रह गया है, न ही प्रशासन का डर। यह (दु)साहस तभी सम्भव है जब किसी को सत्ता की शह और संरक्षण दोनों ही हो। करणी सेना का इतिहास देखें तो वह अक्सर इसी तरह से कानून को ललकारती या उसे हाथ में लेती है। याद हो कि वर्ष 2017 में श्पद्मावतश नामक फिल्म आई थी, तो राजपूतों के अपमान के नाम पर करणी सेना ने देश भर में सिनेमागृहों के बाहर और भीतर तोड़–फोड़ व आगजनी की थी। उसके निर्देशक एवं कलाकारों को तक धमकियां दी गयी थीं। करणी सेना ने आरोप लगाया था कि राजपूतों के सम्मान को कम करने के लिये यह फिल्म बनाई गई है। निर्देशक संजय लीला भंसाली को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने मारा भी था। करणी सेना का आगरा सम्मेलन बतलाता है कि किस कदर देश को लगातार हिंसक और एक–दूसरे के प्रति नफरत के माहौल में ढाल दिया गया है। रामनवमी से लेकर र हनुमान जयंती पर निकलने वाले जुलूस यदि एक ओर मस्जिदों–मजारों के सामने हुड़दंग कर साम्प्रदायिक आधार पर बंटवारा कर रहे हैं, तो करणी सेना जैसे संगठनों के आयोजन जातीय संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, उनके तथा केन्द्र की सरकार के संयुक्त प्रश्रय से ऐसे संगठनों के हौसले बुलन्द हैं। करणी सेना को भाजपा का समर्थक माना जाता है। भाजपा भी ऐसे तत्वों को संतुष्ट कर अपना राजनीतिक मकसद पूरा करती है। उत्तर प्रदेश की सरकार तो ध्रुवीकरण के इस खेल में माहिर है ही, सो वह इस सम्मेलन में दिये गये मार–काट के भाषणों को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने की बजाय मौन धारण किये हुए इसलिये बैठी है क्योंकि सुमन सबसे बड़े विरोधी दल के सांसद हैं। उनके खिलाफ बनते माहौल से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का खुश होना स्वाभाविक है। ऐसी कोई उम्मीद नहीं की जानी चाहिये कि प्रशासन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

# जेपीएस पब्लिक स्कूल में एडीएम प्रशासन सहित गणमान्य व्यक्तियों ने उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को किया पुरुष्कार वितरण

मोरना। मुज़फ्फरनगर मार्ग पर स्थित जेपीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरुष्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अथितियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की वंदना कर किया गया।मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह,विशिष्ट अतिथि प्रमुख अनिल राठी प्रमोद बालियांन,पंडित विनोद शर्मा, तथा ठाकुर भूपेंद्र सिंह ने नर्सरी ए

प्रथम अमन, आरव, अक्षी, इनाया ,मानवी, युवराज, जीवा, ऐमन, आशवी राठी

द्वितीय– आराध्या, ईशान साहा, शारविका, मिरहा खान,तृतीय–राधिका, शिवांश चौधरी नर्सरी बी

प्रथम–आयुषी, उमर, वाणी, अद्विक, आदित्य, अविका

द्वितीय– दक्ष, अक्ष

तृतीय– अनंत, मिष्ठी, रिधिमा, गाम्या,ए के जी

प्रथम–अनुकर्ष, निवान,अनन्या प्रथम, युवराज प्रथम

द्वितीय– दमन, आर्थर, ऋतुराज,

मोक्ष, नमरा, युवराज ,अनन्या

तृतीय– जस्सू

एल के जी बी प्रथम केशव अरिश्फा, अर्श

द्वितीय–अलीना, गर्वित

तृतीय– इस्मा, परी, तेजस यू के जी ए प्रथम–भव्या, नव्या, अक्षिता, परमीत,काव्या शर्मा, प्रेरणा, कार्तिक, हर्ष वर्धन,तक्षिका

द्वितीय– तेजस, फरहान, विधान तृतीय–अभी,रुद्रांश, पीहू, जतिन

यू के जी बी प्रथम–उमैर, शाद, आर्या, वैदांश, अर्चित, आराध्या, आरव साह, देवांश देव,उत्कर्ष, निवि, आरुष, अक्ष,नव्या, सारा, अल्तमश, एम उमर,द्वितीय– कन्हैया, प्रणव, विवांक, निहाल, लक्षित

तृतीय– वरदान, आराध्या,कन्हैया

यू के जी सी प्रथम–अब्दुल रहीम, कृष्णा, विहान, आर्यन पवार, ओजस, आरव, आशवी

द्वितीय– प्रिशा, शौर्य, अनमोल

तृतीय– आर्य वीर,आयुष्मान,

अनन्या प्रथम ए

प्रथम स्थान–आरव कुमार शर्मा, द्वितीय स्थान–गोरिशा, तीसरा स्थान–समायरा, प्रज्ञा ,यशिका, वीरा, आरव शर्मा, प्रताक्ष

1ज ठ प्रथम स्थान–फैम

द्वितीय स्थान–छवि

तृतीय स्थान–ग्रंथ 2दक ।

प्रथम स्थान–कार्तिक वर्मा, द्वितीय स्थान–अपेक्षा राठी,तीसरा स्थान–अहाना,2दक ठ प्रथम स्थान–तनिष्क

द्वितीय स्थान–तेजस लोहान, तृतीय स्थान–सृष्टि

3तक । प्रथम स्थान–धानी शर्मा,द्वितीय स्थान–अंशुमान राठी, तृतीय स्थान–अबुजर खान,3तक ठप्रथम स्थान समर्थ जॉन, द्वितीय स्थान सक्षम जॉन, तृतीय स्थान शिविका ठाकुर

4जी ।

प्रथम स्थान अक्षित, द्वितीय स्थान उन्नति ठाकरान, तृतीय स्थान विशेष कुमार 4जी ठ प्रथम स्थान दक्ष चौधरी, द्वितीय स्थान नित्या आर्या, तृतीय स्थान प्रियांशु

5 ।

प्रथम स्थान उत्कर्ष चौधरी, अर्नव सहरावत, द्वितीय स्थान श्रेया चौधरी, तृतीय स्थान माही

5 बी पहला स्थान लक्ष्य पालीवाल, दूसरा स्थान अनाया चौधरी, तीसरा माही

5ठ

पहला स्थान लक्ष्य पालीवाल, दूसरा स्थान अनाया चौधरी, तीसरा माही

6जी ।

प्रथम स्थान शौर्य ,द्वितीय स्थान आराध्या चौहान, तृतीय स्थान सारिक रहे

6ठ

प्रथम स्थान लक्ष्मी, द्वितीय स्थान अनन्या पाल, तृतीय स्थान शिवा राठी

7 ।

प्रथम स्थान दिव्यांशी, द्वितीय स्थान मानवी, तृतीय स्थान यशस्वी

7ठ

प्रथम स्थान वाणी यादव, द्वितीय स्थान विशु, तृतीय स्थान जीविका 8 अ प्रथम स्थान आरुषि कसाना, द्वितीय स्थान अविशी, तृतीय स्थान रक्षित भारद्वाज

8जी ठ



प्रथम स्थान आदर्श, द्वितीय स्थान अवनि चौधरी, तृतीय स्थान नमन आत्रेय

9जी ।

प्रथम स्थान दक्ष चौहान, द्वितीय स्थान सोहा, तृतीय स्थान हितेश चौधरी, कशिश

9ठ प्रथम स्थान याचिका सहरावत, द्वितीय स्थान अंश राठी, तृतीय स्थान लक्ष्य11। प्रथम स्थान अर्शवफ़ा द्वितीय स्थान अवनी प्रथम, तृतीय स्थान जतिन

11ठ

प्रथम स्थान विराट चौधरी, द्वितीय स्थान अक्षिता चौहान तृतीय स्थान कशिश यादव रहे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डायरेक्टर कृष्णकांत शर्मा, प्रबंधक मोहिनी शर्मा, प्रधानाचार्य राजन गॉड एवं शिक्षकगण माला शर्मा ,मुस्कान शर्मा, विनीता शर्मा ,स्वाती ,मानवी वैष्णवी ,संगीता दक्ष, शिवानी शर्मा, सृष्टि ,आस्था, निशांत शर्मा, मोहम्मद तौसीफ, आसिफ, सपन गर्ग ,रजत, बृजेश , नूरजहाँ, दृष्टि, चिंकी आदि मौजूद रहे।

इसके पूर्व विद्यालय डायरेक्टर कृष्णकांत शर्मा व मैनेजर मोहिनी शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया तथा विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई इसके उपरांत मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सांस्कृतिक धरोहर व सांस्कृतिक मूल्यो की जानकारी बच्चों को दें। शिक्षा का उद्देश्य सेवा भावना और जागरूकता बनाकर कार्य करें

प्रमोद बलियान अध्यक्ष ईंट निर्माता समिति मुजफ्फरनगर ने कहा कि सभी छात्रों को अपनी मेहनत व ईमानदारी के साथ अपने पथ पर आगे बढ़ते रहना चाहिये ताकि जीवन में हमेशा सफलता मिलती रहे इमानदारी जीवन में एक मुख्य गुण हैं ये सभी के अंदर होना बहुत आवश्यक है अगर आप ईमानदारी से मेहनत नहीं करेंगे तो आप पूर्णतः सफल नहीं हो सकते हो। विशिष्ट अतिथि पं विनोद शर्मा नेताजी ने अपने संबोधन में सभी छात्रों को जीवन में कभी हार नहीं मानना तथा लगातार प्रयास से सफलता अर्पित करने का महत्त्व समझाया।

ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी ने कहा कि स्कूल स्तर पर इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है जो कि विद्यार्थियों को जीवन में सफलता की ओर लेकर जाती है किंतु प्रतिस्पर्धा की भावना सदैव सद्भावनापूर्ण होनी चाहिए।

प्रधानाचार्य राजन गौड़ द्वारा सभी अतिथियों को उनके आगमन पर धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन सारिका शर्मा व नेहा शर्मा ने किया

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजनाः उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है

लखनऊ। श्रीमती लता सिसोदिया, रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, उत्तर प्रदेश, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने बताया है कि देश के युवाओं के कौशल विकास तथा कार्य अनुभव हेतु भारत सरकार के कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा बजट वर्ष 2024–25 में घोषित '"प्रधानमंत्री इंटर्न शिप योजना"' देश भर मे लागू की गई है. इस योजना का उद्देश्य देश के युवाओं को शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर देना है। उत्तर प्रदेश में इस योजना का क्रियान्वयन 'रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज़ (त्वब), उत्तर प्रदेश' द्वारा 'उत्तर प्रदेश सरकार' के सहयोग से किया जा रहा है।

'योजना की मुख्य विशेषताएँ'

इंटर्नशिप अवधिरू 12 महीने

आयु सीमारू 21 से 24 वर्ष

योग्यतारू 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक

योजना के लाभ– 5000 प्रतिमाह ( 4500 भारत सरकार द्वारा तथा 500 कंपनीज द्वारा)

6000 की एकमुश्त राशि इंटर्नशिप प्रारंभ करते समय

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा सुविधा

देश की शीर्ष कंपनियों में स्किल डेवेलपमेंट और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग

वर्क कल्चर और प्रोफेशनल माहौल का अनुभव

करियर निर्माण के लिए गाइडेंस और प्रमाण पत्र

श्रीमती लता सिसोदिया ने यह जानकारी भी दी कि रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, उत्तर प्रदेश द्वारा योजना के व्यापक प्रचार प्रसार तथा क्रियान्वयन हेतु कानपुर, नोएडा और मेरठ में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया है. इन आयोजनों में छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया . अब तक उत्तर प्रदेश से 20,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं.साथ ही उम्मीदवारों को योजना से जोड़ने तथा लाभ प्राप्ति हेतु प्रदेश सरकार के सहयोग से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया तथा अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की आधिकारिक वेबसाइट https:@@pminternship-mca-gov-in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# राजनैतिक स्वतंत्रता के साथ सामाजिक स्वतंत्रता के पक्षधर थे डॉ. अंबेडकर

**गणेश कछवाहा**

दलित सामाजिक संघर्षों के प्रणेता,भारतीय संविधान के निर्माता और लोकतंत्र के प्रबल समर्थक डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने स्वतंत्रता की वकालत तो की, लेकिन उनका मतलब केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं थी, बल्कि सामाजिक स्वतंत्रता एक प्रमुख लक्ष्य था। स्वतंत्रता के प्रति उनका दृष्टिकोण व्यापक था। उनका मानना था कि राष्ट्रीय स्वतंत्रता और व्यक्तिगत सामाजिक स्वतंत्रता के बीच बहुत बड़ा अंतर है। इसे समझे बिना हम सही और पूरी स्वतंत्रता प्राप्त नहीं कर सकते थे। भारत को अगर एक विदेशी देश की गुलामी से मुक्त किया जाए तो उसे राजनीतिक स्वतंत्रता मिलती है, लेकिन फिर भी स्वतंत्र भारत के लोग स्वतंत्र नहीं होते हैं। क्योंकि विदेशी शासकों के जाने पर राजनीतिक दासता समाप्त तो हो जाती है,परंतु उनके जाने के बाद भी उस देश के लोगों की दासता जारी रहती है, उन्हें सामाजिक स्वतंत्रता नहीं मिलती है। तो इसे हम पूरी आजादी या स्वतंत्रता कैसे कह सकते हैं। समान अवसरों और अधिकारों से अनेकों वर्षों से वंचित रहे बहिष्कृत अछूत समाज को जब तक गुलामी के जंजीरों से मुक्त नहीं किया जाता, उनकी दासता को मिटाने में जब तक स्थापित शासन को सफलता नहीं मिलती तब तक राजनीतिक स्वतंत्रता केवल मुठ्ठी भर लोगों के हितों की रक्षा करेगी, और ऐसी स्वतंत्रता का कोई मतलब नहीं है। बाबा साहेब ने महसूस किया कि सदियों से समान अवसरों और अधिकारों से वंचित रखे गए बड़े वर्ग के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने से लाभ नहीं होगा, वे राष्ट्रीय स्थापित मानकों विचारधाराओं के साथ सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे। डॉ. बाबा साहब अंबेडकर का सामाजिक दर्शन तीन शब्दों – स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित है। बाबा साहेब समानता के सबसे बड़े समर्थक माने जाते हैं। उन्होंने जीवन भर समानता के लिए कड़ा संघर्ष किया। सन् 1943 में इंडियन फेडरेशन के कार्यकर्ताओं के एक शिविर में भाषण देते हुए अंबेडकर ने कहा–हर देश में संसदीय लोकतंत्र के प्रति बहुत असंतोष है। भारत में इस प्रश्न पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है। भारत संसदीय लोकतंत्र प्राप्त करने के लिए बातचीत कर रहा है। लेकिन हमें बहुत सावधान रहने की जरूरत है। यह उतना बढ़िया उत्पाद नहीं है जितना दिखाई देता है। इसी भाषण में आगे कहा कि–संसदीय लोकतंत्र कभी जनता की सरकार नहीं रही,न जनता के द्वारा चलाई जाने वाली सरकार रही। कभी ऐसी भी सरकार नहीं रही जो जनता के लिए हो। भीमराब अंबेडकर ने 1942 के रेडियो भाषण में स्वाधीनता, समानता और भाईचारा, इन तीन सूत्रों का उद्भव फ्रांसीसी क्रांति में देखा। उन्होंने कहा मजदूर के लिए स्वाधीनता का अर्थ है जनता के द्वारा शासन। संसदीय लोकतंत्र का अर्थ जनता के द्वारा शासन नहीं है। अंबेडकर ने संसदीय लोकतंत्र की व्याख्या करते हुए लिखा–संसदीय लोकतंत्र शासन का ऐसा रूप है जिसमें जनता का काम अपने मालिकों के लिए वोट देना और उन्हें हुकूमत करने के लिए छोड़ देना होता है। अंबेडकर ने लोकतंत्र को मजदूरवर्ग के नजरिए से देखा और उस पर अमल करने पर भी जोर दिया।नेतागण जिस लोकतंत्र की बात कर रहे हैं वो मालिकों का जनतंत्र है। वे जिस तथाकथित लोकशाही की बार–बार दुहाई दे रहे हैं वो मालिकों की लोकशाही है। इसके विपरीत भीमराव अंबेडकर का मानना था जब तक पूंजीवाद कायम है तब तक सही मायनों में न स्वतंत्रता संभव है और न समानता। वास्तव अर्थ में समानता हासिल करने के लिए पूंजीवादी व्यवस्था को बदलना होगा उसके बाद ही वास्तविक अर्थ में समानता प्राप्त की जा सकती है। इसके विपरीत नेतागण पूंजीवाद को बनाए रखकर ही नियमों में सुधार की बात कर रहे हैं। अंबेडकर की नजर में वास्तविक स्वतंत्रता का अर्थ है सभी किस्म के विशेषाधिकारों का खात्मा। नागरिक सेवाओं से लेकर फौज तक,व्यापार से लेकर उद्योग धंधों तक सभी किस्म के विशेषाधिकारों को खत्म किया जाए। वे सारी चीजें खत्म की जाएं जिनसे असमानता पैदा होती है। अंबेडकर की धारणा थी कि –लोकप्रिय हुकूमत के तामझाम के बावजूद संसदीय लोकतंत्र वास्तव में आनुवंशिक शासकवर्ग द्वारा आनुवंशिक प्रजा वर्ग पर हुकूमत है। यह स्थिति वर्णव्यवस्था से बहुत कुछ मिलती जुलती है। ऊपर से लगता है कोई भी आदमी चुना जा सकता है, मंत्री हो सकता है, शासन कर सकता है। वास्तव में शासक वर्ग एक तरह वर्ण बन जाता है। उसी में से,थोड़े से उलटफेर के साथ,शासक चुने जाते हैं। जो प्रजा वर्ग है, वह सदा शासित बना रहता है।श (संदर्भ– जगदीश्वर चतुर्वेदी, कोलकाता विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर व जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष हैं।) डॉ. अंबेडकर सामाजिक समानता केलिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने गणितीय समानता या कृत्रिम समानता को स्वीकार नहीं किया। प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताओं और क्षमताओं में एक स्वाभाविक भिन्नता होती है।



# सलमान खान को फिर मिली धमकी, गाड़ी को बम से उड़ाने, घर में घुसकर जान से मारने की बात कही

> अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गई है, जिसमें अज्ञात शख्स ने अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात कही है।

अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गई है, जिसमें अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात अज्ञात शख्स ने कही है। अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गई है, जिसमें अज्ञात शख्स ने अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात कही है। परिवहन विभाग के नंबर पर भेजे गए मैसेज में सलमान की गाड़ी को बम से उड़ाने के अलावा घर में घुसकर जान से मारने की धमकी भी दी गई है। वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। धमकी देने वाले की मंशा क्या है और वह किस गिरोह का है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि सलमान खान को पहले भी कई बार धमकी मिल चुकी है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया था कि उनकी हिट लिस्ट में सलमान खान भी थे। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े शूटर्स मुंबई में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पर कई बार रेकी कर चुके थे। हालांकि, कड़ी सुरक्षा की वजह से वह अपने मकसद में नाकाम रहे और सलमान पर हमला करने की अपनी योजना विफल रही। पिछले साल अप्रैल में सलमान खान के घर 5 राउंड फायरिंग की गई थी, जिसके कुछ महीने बाद सलमान के करीबी और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या भी कर दी गई थी। लॉरेंस बिश्नोई ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा था कि उसके जीवन का एकमात्र लक्ष्य सलमान खान को जान से मारना है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने पिछले साल 12 नवंबर को सलमान खान को धमकी भरे मैसेज भेजने के आरोप में 24 वर्षीय एक व्यक्ति को कर्नाटक से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया था कि आरोपी का नाम सोहेल पाशा है। वहीं, 4 दिसंबर को सलमान खान के शूटिंग सेट पर अचानक एक शख्स घुस आया था, सिक्योरिटी गार्ड द्वारा रोकने पर उसने धमकी भरे लहजे में कहा था, ष्लॉरेंस को बुलाऊं क्या?ष सेट पर हंगामा मचाने वाले व्यक्ति का नाम सतीश वर्मा है और वह जूनियर आर्टिस्ट है। पिछले साल सलमान खान के घर के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सलमान खान की उस बालकनी पर खास तौर पर बुलेट प्रूफ ग्लास लगाया गया, जहां से वह अपने प्रशंसकों का अभिवादन करते हैं। गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर भी हाई सिक्योरिटी तैनात की गई है।



# रणबीर कपूर ने आलिया भट्ट को सिनेमा की सबसे बड़ी अभिनेत्री बताया

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट बॉलीवुड के सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक हैं। आज, 14 अप्रैल 2025 को, ये दोनों अपनी शादी की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर, हम एक यादगार पल को याद करते हैं जब रणबीर ने अपनी पत्नी आलिया की खुले दिल से सराहना की थी। 2022 में एक साक्षात्कार के दौरान, रणबीर ने आलिया की अभिनय प्रतिभा और उनके व्यक्तित्व की जमकर तारीफ की थी। उन्होंने कहा था, भारतीय सिनेमा के इतिहास में आलिया यकीनन अब तक की सबसे महत्वपूर्ण अभिनेत्रियों में से एक हैं। रणबीर ने आगे कहा, उनके द्वारा पर्दे पर किया गया काम, उनका आत्मविश्वास, और उनके मूल्य प्रणाली को देखकर मैं प्रभावित हूं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आलिया की आलोचनाओं को जलन और मूर्खता से जोड़ते हुए, उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। अपनी दूसरी शादी की वर्षगांठ के मौके पर, आलिया ने सोशल मीडिया पर रणबीर के साथ कुछ अनदेखी तस्वीरें साझा की थीं। इनमें से एक तस्वीर उनकी हल्दी समारोह की थी, जबकि दूसरी रणबीर द्वारा मसाई मारा में किए गए प्रपोजल के पल की थी। तीसरी तस्वीर में दोनों मुस्कुराते हुए एक–दूसरे के साथ नजर आ रहे थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो, रणबीर और आलिया संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में एक साथ नजर आएंगे, जिसमें विक्की कौशल भी हैं। यह फिल्म 20 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा, रणबीर नितेश तिवारी की रामायण में साईं पल्लवी के साथ दिखाई देंगे, जिसका पहला भाग दिवाली 2026 में और दूसरा दिवाली 2027 में रिलीज होगा। वहीं, आलिया भट्ट शरवरी वाघ के साथ अल्फा में नजर आएंगी।

# गोपीचंद मलिनेनी संग हार्ट ऑफ जाट लैंड पहुचे एक्टर रणदीप हुड्डा



अभिनेता रणदीप हुड्डा की हालिया रिलीज फिल्म 40 करोड़ से ज्यादा कमाई करने में सफल रही और दर्शकों को पसंद आ रही है। फिल्म के प्रचार में जुटे हुड्डा, निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी के साथ रोहतक स्थित अपने पैतृक गांव पहुंचे, जिसे उन्होंने श्हार्ट ऑफ जाट लैंडश बताया। हुड्डा चंडीगढ़ के एक स्थानीय थिएटर में भी अचानक से पहुंचे और प्रशंसकों को चौंका दिया। बैसाखी के अवसर पर गांव पहुंचे रणदीप ने मलिनेनी संग घर में पके व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, "अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस पर मैं अपने रोहतक स्थित पैतृक गांव श्हार्ट ऑफ जाट लैण्डश पहुंचा। मेरे साथ मेरे भाई, निर्देशक गोपीचंद भी इस सफर में शामिल हुए। हमने अपने काका के घर पर बना स्वादिष्ट हरियाणवी भोजन और चूरमा खाया। अभिनेता ने थिएटर में दर्शकों की भीड़ को लेकर आगे कहा, यहां थिएटर में जाट देखने के लिए भरे सिनेमाघरों को देखने से बेहतर और क्या हो सकता है! जहां दर्शक सीटी और ताली के साथ ढेर सारा प्यार बरसा रहे हों। अभिनेता के एक करीबी सूत्र ने कहा कि रणदीप ने हमेशा अपनी पहचान को गर्व के साथ धारण किया है। सूत्र ने कहा यह यात्रा व्यक्तिगत और प्रतीकात्मक थी–जाट की सफलता ने उन्हें वापस वहीं ला दिया जहां से यह सब शुरू हुआ था। अपने लोगों के साथ इस जीत को साझा करना उनके लिए एक भावनात्मक, गौरवपूर्ण क्षण था। अपने परिवार का साथ वास्तव में उनके लिए संसार बराबर था। रोहतक पहुंचे अभिनेता मीडिया से भी मुखातिब हुए और बातचीत के दौरान कहा कि 'जाट' में दक्षिण का मसाला, तो जाटों वाला लठ है। रणदीप ने कहा, "रोहतक के भाई लोग जाट नाम की फिल्म रिलीज हुई है, जिसमें मैं खलनायक रणतुंगा की भूमिका में हूं। भाई गोपीचंद मलिनेनी ने यह फिल्म बनाई है। तो आप लोग देखो, एंजॉय करो और देखकर बताओ कि फिल्म कैसी है और आपको कितनी पसंद आई।" अभिनेता ने आगे बताया, "मेरी पहली फिल्म रिलीज हुई थी तो मैं भानगढ़ थिएटर में आया था और मुझे वहां पर दर्शकों से खूब प्यार मिला था और इस फिल्म को जाट भाई ही नहीं देखेंगे तो नाक कट जाएगी। हमारा उद्देश्य आपको मनोरंजन देने का है। सनी देओल की फिल्म में मनोरंजन के साथ ही देशभक्ति की भी भावना है और किसानों की बात है।"इसके साथ ही अभिनेता ने हरियाणवी भाषा पर भी बात की। उन्होंने आगे कहा, अब हरियाणवी ऊपर उठ रही है। एक समय था जब पंजाबी थी, मगर अब हरियाणवी है। दंगल समेत कई फिल्में हैं, गाने हैं, जिनसे नाम रोशन हो रहा है। फिल्म को आप लोग देखो, क्योंकि इसमें दक्षिण के मसाले के साथ जाटों वाला लठ भी है।



# मंडे टेस्ट में कैसा रहा 'जाट' का हाल? सनी देओल और रणदीप हुड्डा ने सबको दिया पछाड़!

बॉलीवुड के अभिनेताओं सनी देओल और रणदीप हुड्डा अभिनीत जट ने सप्ताहांत में अपनी कमाई में अच्छी छलांग लगाई। सनी देओल स्टारर जैट ने बॉक्स ऑफिस पर छठे दिन में एक महत्वपूर्ण संग्रह देखा। 10 अप्रैल, 2025 को जारी, एक्शन थ्रिलर महत्वपूर्ण संग्रह के साथ दूसरे सप्ताह में प्रवेश करने के लिए तैयार है। फिल्म के दिन 6 बॉक्स ऑफिस संग्रह की जांच करने के लिए नीचे स्क्रॉल करें। 5 दिन में जाट की हिंदी अधिभोग दर के बारे में बात करते हुए, फिल्म ने सोमवार, 14 अप्रैल, 2025 को 16.26: की समग्र हिंदी अधिभोग को दर्ज किया। चेन्नई क्षेत्र में 94. 25: की उच्चतम अधिभोग दर देखी गई, इसके बाद जयपुर में 26.25:, चंडीगढ़ में 20: और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 21:। कथित तौर पर, फिल्म 100 करोड़ रुपये के बजट पर बनाई गई है। गोपीचंद मालिननी द्वारा अभिनीत एक्शन–ड्रामा, 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी। फिल्म में उरवाशी राउतेला, विनीत कुमार सिंह, सायमी खेर, रागेना कैसंड्रा और निधि एगरवाल भी शामिल हैं।

जाट बॉक्स ऑफिस संग्रह की जाँच करें:
दिन 1 – 9.5 करोड़ रुपये
दिन 2 (1 शुक्रवार) – 7 करोड़ रुपये
दिन 3 (पहला शनिवार) – 9.75 करोड़ रुपये
दिन 4 (पहला रविवार) – 14 करोड़ रुपये
दिन 5 (पहला सोमवार) – 7.5 करोड़ रुपये
दिन 6 (1 मंगलवार) – 0.05 करोड़ रुपये
कुल संग्रह – 47.8 करोड़ रुपये
जाट 50 करोड़ बेंचमार्क की ओर बढ़ रहा है

सनी देओल की फिल्म जैत के पांचवें दिन के संग्रह ने अपनी बॉक्स ऑफिस की कमाई में डुबकी लगाई। उद्योग ट्रैकर"बदपसा के अनुसार, फिल्म ने अब तक 5 दिन में 7.50 करोड़ रुपये एकत्र किए। फिल्म ने अपने पहले मंगलवार को 0.05 करोड़ रुपये कमाए। ये संख्या शुरुआती अनुमानों पर आधारित हैं और परिवर्तन के अधीन हैं। वर्तमान में, फिल्म ने 47.8 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह उम्मीद की जाती है कि एक्शन–थ्रिलर फिल्म आने वाले दिनों में 50 करोड़ रुपये के बेंचमार्क को पार करेगी।



# शादी करने के लिए बेताब है क्रिस्टल डिसूजा, बच्चों का भी बना चुकी है प्लान

लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री क्रिस्टल डिसूजा ने साझा किया है कि वह वास्तव में शादी करना चाहती हैं और बच्चे चाहती हैं, लेकिन अभी नहीं। क्रिस्टल भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में एक अतिथि के रूप में शामिल हुई जहां उन्होंने अपनी दूसरी शादी के प्लान को लेकर खुलकर बात की। क्रिस्टल डिसूजा ने कहा– "मेरी अभी शादी करने की कोई योजना नहीं है। जब होगी, तो ऐसे होगी (उंगली चटकाते हुए)। हां, मैं शादी करना चाहती हूं... मैं वास्तव में बच्चे चाहती हूं। मुझे पता है कि हम शादी किए बिना भी बच्चे पैदा कर सकते हैं, लेकिन मैं पारंपरिक तरीके से चलना चाहती हूं... मैं शादी करना चाहती हूं, लेकिन अभी नहीं,। उन्होंने आगे कहा–मुझे जगहों पर जाना बहुत पसंद है... मैं एयर होस्टेस बनना चाहती थी क्योंकि मैं जगहों की यात्रा करना चाहती थी, और मुझे लगता है कि मैंने इतना काम कर लिया है कि अब मुझे इसका थोड़ा आनंद लेना चाहिए। मैं बुढ़ापे में ट्रेकिंग नहीं करूंगी... मेरे पासपोर्ट के पन्ने खत्म हो गए हैं... ।

अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह आगरा नहीं गई हैं और वह ताजमहल देखना चाहती हैं। यह पूछे जाने पर कि वह किस तरह के आदमी की तलाश में हैं, क्रिस्टल ने कहा–मुझे ऐसा आदमी नहीं चाहिए जो बहुत यात्रा करता हो क्योंकि मैं अकेले या अपनी लड़कियों के साथ यात्रा करना चाहती हूं। मुझे ऐसा लड़का चाहिए जो काम करता हो, मीठा हो, विनम्र हो और मजाकिया हो लेकिन उसे बहुत यात्रा करना पसंद न हो ताकि मुझे भी अपना समय मिल सके। इसके बाद क्रिस्टल ने अपनी अभिनेत्री–सबसे अच्छी दोस्त निया शर्मा के बारे में बात की और बताया कि वह उनसे बहुत प्यार करती हैं। क्रिस्टल ने कहा– ष्मुझे निया बहुत पसंद है। क्या जीवंतता और मासूमियत है। वह बहुत अच्छी है... हम सिर्फ 20 साल के थे जब हमने श्एक हजारों में मेरी बहना हैश किया था... वह 100 प्रतिशत खुद जैसी है। लोग कुछ कहना चाहते हैं, लेकिन उसे अपने अंदर ही रखते हैं... वह बस सामने से कह देती है। मुझे उससे प्यार है।



## गर्मियों में परिवार और दोस्तों के साथ तरबूज की आइसक्रीम का आनंद लें

तरबूज की आइसक्रीम एक अनोखा और ताजा स्वाद है जो आपको बाहर शायद ही मिले। घर पर आइसक्रीम बनाने से आप अपनी पसंद के अनुसार फ्लेवर और सामग्री चुन सकते हैं और इसे और भी स्वादिष्ट बना सकते हैं। तो देर किस बात की? घर पर आइसक्रीम बनाना शुरू करें और गर्मियों का आनंद लें। गर्मी का मौसम आ गया है, और आइसक्रीम खाने का समय भी। अब आप अपने शरीर को ठंडी आइसक्रीम से ठंडा कर सकते हैं। बाजार से आइसक्रीम मंगवाना एक अच्छा विकल्प है, लेकिन घर पर आइसक्रीम बनाना और भी बेहतर है। आप अपनी पसंद के अनुसार सामग्री चुन सकते हैं और स्वस्थ आइसक्रीम बना सकते हैं। बस कच्चा माल मंगवाएं और आइसक्रीम बनाने की तैयारी करें। तरबूज की आइसक्रीम एक अनोखा और ताजा स्वाद है जो आपको बाहर शायद ही मिले। घर पर आइसक्रीम बनाने से आप अपनी पसंद के अनुसार फ्लेवर और सामग्री चुन सकते हैं और इसे और भी स्वादिष्ट बना सकते हैं। तो देर किस बात की? घर पर आइसक्रीम बनाना शुरू करें और गर्मियों का आनंद लें।

तरबूज की आइसक्रीम बनाने के लिए क्या चाहिए?

– 3 कप कटे हुए तरबूज (बिना बीज वाले)
– 1 कप दानेदार चीनी
– 1 कप क्रीम
– 1 बडा चम्मच नींबू का रस
– एक चुटकी नमक

तरबूज की आइसक्रीम बनाने का तरीका

1. कटे हुए तरबूज को ब्लेंडर में डालकर चिकना होने तक ब्लेंड करें। प्यूरी को बारीक छलनी से छान लें ताकि अतिरिक्त गूदा और रेशे निकल जाएं।

2. एक बडे कटोरे में, तरबूज की प्यूरी को दानेदार चीनी और नींबू के रस के साथ तब तक मिलाएं जब तक कि चीनी घुल न जाए।

3. फ्लेवर को घुलने देने के लिए मिश्रण को कम से कम 2 घंटे या रात भर के लिए फ्रिज में रख दें।

4. एक अलग कटोरे में, भारी क्रीम को तब तक फेंटें जब तक कि यह सख्त न हो जाए। व्हीप्ड क्रीम को ठंडे तरबूज के मिश्रण में मिलाएं।

5. मिश्रण को उथले धातु के पैन या बेकिंग डिश में डालें। प्लास्टिक रैप या एल्युमिनियम फॉयल से ढकें और फ्रीजर में रखें।

6. हर 30 मिनट में, मिश्रण को फ्रीजर से निकालें और किसी भी बर्फ के क्रिस्टल को तोडने के लिए इसे कांटे से खुरचें। इस प्रक्रिया को 2–3 घंटे तक दोहराएं।

7. जब आइसक्रीम वांछित स्थिरता तक पहुंच जाए, तो इसे एक एयरटाइट कंटेनर में डालें और कम से कम 1 घंटे के लिए जमने दें।

## गर्मी के मौसम में पैरों को दें आराम, इन ट्रेंडी फुटवियर को जरुर पहनें, सब करेंगे तारीफ

गर्मियों में भारी–भरकम जूता पहनने की बिल्कुल भी इच्छा नहीं होती है। ऐसे में पैरों के आराम के लिए कंफर्टेबल फुटवियर पहनना सबसे अच्छा माना जाता है। अगर आप भी गर्मी के मौसम में आरामदायक फुटवियर की खोज में है, तो यह लेख आपके लिए है। अब परेशान होने की जरुरत नहीं है हम आपको बताएंगे खूबसूरत और स्टाइलिश फुटवियर के ऑप्शन।

गर्मियों के दौरान जूते पहनने की इच्छा तो एकदम मर ही जाती है। इस मौसम में आरामदायक फुटवियर पहनना काफी अच्छा होता है। कई महिलाओं को गर्मियों में शूज पहनना बिल्कुल भी पसंद नहीं होता है, गर्मी के मौसम में हर कोई एकदम कुल रहना चाहता है और ऊपर से कंफर्टेबल फुटवियर पहनने का मजा ही कुछ और होता है। इस लेख में हम आपको स्टाइलिश फुटवियर डिजाइंस बताने वाले हैं, जोकि आपको मॉडर्न लुक देंगे, बल्कि इन फुटवियर को पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगी।

ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल

समर सीजन में पैरों की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए आप ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल पहन सकते हैं। इसके टाइप फुटवियर आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जाएंगे। यह आपको तरह–तरह डिजाइंस में मिल जाएंगे। ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल आपके पैरों की खूबसूरती बढ़ाएंगे और गर्मियों में आरामदायक भी रहेंगे।

स्ट्रैपी वेज हील्स

आजकल वेज हील्स काफी ट्रेंड में है। गर्मियों के मौसम में ऑफिस या किसी भी इवेंट में कंफर्टेबल फुटवियर पहनकर सकते हैं, यह आपके पैरों के लिए आरामदायक होती है। स्ट्रैपी वेज हील्स आप ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकते हैं। एक बार पहन लिए स्ट्रैपी वेज हील्स तो यह आपके पैरों की खूबसूरती भी बढ़ा देंगे।

टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स

अगर आप स्टाइलिश के साथ ही कंफर्टेबल फुटवियर की तलाश हैं, तो आप टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स खरीद सकते हैं। ऑफिस से लेकर पार्टी के लुक में चार चांद लगा देगा। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन कहीं से भी टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स खरीद सकते हैं। यह फुटवियर आपको एकदम एलिगेंट लुक देंगे।



## गर्मियों में दिखना चाहती हैं कूल और स्टाइलिश तो बनाएं ये ट्रेंडी हेयर स्टाइल, आप भी करें ट्राई



गर्मियों के मौसम में आउटफिट सिलेक्शन के बाद दूसरी समस्या हेयर स्टाइल की होती है। क्योंकि जब तक आप आउटफिट के साथ कूल हेयर स्टाइल नहीं बनाती हैं, तो आपका लुक परफेक्ट नहीं आता है। गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयरस्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयरस्टाइल बना सकती हैं। अगर आप भी गर्मियों में हर दिन अपनी हेयर स्टाइल को लेकर कंफ्यूज रहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप कैजुअल आउटिंग, ऑफिस, कॉलेज हर जगह बना सकती हैं। इन हेयर स्टाइल में आपका हर लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा।

रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल

गर्मियों में आप रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए तमाम सारी रबर बैंड की जरूरत होगी। सबसे पहले नार्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी–थोड़ी दूर पर रबर लगाना है और बालों को बीच से लूज करते जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्कर्ट और जींस के साथ ऐसी हेयर स्टाइल काफी कूल लुक देती है।

हाफ हेयर बन स्टाइल

आमतौर पर गर्मियों में लोग हेयर स्टाइल लुक जरूर बनाते हैं। आप इसमे ट्विस्ट देकर हाफ हेयर करके उसी रबर बैंड से हाफ बन लुक दे सकती हैं। फिर उस पर कोई फंकी रबर बैंड ऊपर से लगा लें। आप ऑफिस से लेकर कॉलेज तक में हर जगह यह हेयर स्टाइल बनाकर जा सकती हैं। ड्रेसेस और जींस के संग यह हेयर स्टाइल बेस्ट लुक देती है।

साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल

गर्मियों के मौसम में पार्टी के लिए हेयर स्टाइल को कंफर्ट का कॉम्बिनेशन देना चाहती हैं, तो आपको एक्ट्रेस टीना दत्ता जैसा फ्रेंच साइड बन लुक ट्राई कर सकती हैं। समर पार्टीज के लिए ऐसी हेयर स्टाइल परफेक्ट ऑप्शन है। आप इस हेयर स्टाइल को शार्ट ड्रेस और गाउन के संग पेयर अप कर सकती हैं। आप इसके साइड में टेल पर बीड्स भी लगा सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए साइड से फ्रेंच ब्रेड बनाएं और फिर सभी बालों को फोल्ड करते हुए पिन की मदद से सेट करें। अब फ्रंट में लगी छोटी–छोटी फ्लिक्स निकाल लें। इस तरह की हेयर स्टाइल बनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं।

## गर्भवती होने में आ रही समस्याएं? सिर्फ 7 दिन में गर्भधारण में मदद, जानिए इस जादुई बूटी का राज!

मरियम बूटी एक चमत्कारी पौधा है, जिसे विशेष रूप से महिलाओं की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह पौधा मुख्य रूप से रेगिस्तानी इलाकों में पाया जाता है और इसके औषधीय गुणों के कारण इसे एक प्राकृतिक इलाज के रूप में माना जाता है। इसे वैज्ञानिक रूप से श्अनास्ताटिका हिरोचंटिकाश कहा जाता है, जबकि आम भाषा में इसे काफ मरियम या चजरत मरियम (मैरी का पौधा) भी कहा जाता है।

यह पौधा सहारा, मध्य–पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के शुष्क इलाकों में उगता है, जहां यह बिना किसी विशेष देखभाल के भी अपने औषधीय गुणों को बनाए रखता है।

महिलाओं के लिए फायदेमंद

मरियम बूटी की पत्तियां, तने और जड़ें कई महत्वपूर्ण खनिजों और औषधीय तत्वों से भरपूर होती हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट गुणों से समृद्ध है और पारंपरिक चिकित्सा में इसका उपयोग विभिन्न प्रकार के रोगों को ठीक करने के लिए किया जाता है।

विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए यह पौधा बहुत फायदेमंद है। शोध में पाया गया है कि यह पौधा गर्भाशय को मजबूत करने, गर्भधारण में मदद करने और प्रसव को सरल बनाने में मदद करता है। इसके अलावा, यह मासिक धर्म की ऐंठन, बांझपन, थकान, सिरदर्द, उच्च रक्तचाप, अवसाद, और अस्थमा जैसी समस्याओं में भी राहत देने में सहायक होता है।

खनिज और एंटीऑक्सीडेंट गुण

मरियम बूटी में कई खनिज जैसे मैग्नीशियम, कैल्शियम, मैंगनीज, आयरन, कॉपर और जिंक पाए जाते हैं। इसके साथ ही इसमें फेनोलिक यौगिक और एंटीऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं, जो शरीर को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं और स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं।



गर्भधारण में मदद के लिए सेवन का तरीका

अगर महिलाएं गर्भधारण में समस्या का सामना कर रही हैं या प्रसव के समय कठिनाई महसूस कर रही हैं, तो मरियम बूटी का पानी पीना लाभकारी हो सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, इसे सही तरीके से सेवन करना जरूरी है। सेवन का तरीका बहुत सरल है। आपको मरियम फूल को पानी में भिगोकर कुछ घंटे के लिए छोड़ देना है। जब फूल पूरी तरह से खुल जाए, तो उस पानी को छानकर पिएं। अगर इसे लगातार 7 दिन तक सुबह–शाम पिया जाए, तो यह गर्भधारण में मदद कर सकता है और प्रसव को भी सरल बना सकता है।

कहां मिलती है मरियम बूटी?

यह पौधा मदीना (सऊदी अरब) के उहुद पर्वत के पास के बाजारों में आसानी से मिल जाता है। आधुनिक शोधों के साथ–साथ यह पारंपरिक चिकित्सा में भी कारगर पाया गया है, और महिलाएं इसे गर्भधारण और प्रसव की समस्याओं को हल करने के लिए प्राकृतिक उपाय के रूप में प्रयोग कर सकती हैं। इस प्रकार, मरियम बूटी महिलाओं के लिए एक बहुत बड़ा वरदान साबित हो सकता है, खासकर अगर वे गर्भधारण में कठिनाई का सामना कर रही हैं।



## घर पर आसानी से बनाएं ये राजस्थान की गट्टे की सब्जी, नोट कर ले रेसिपी

राजस्थान का खाना अपनी खासियत और मसालों के लिए पूरे देशभर में प्रसिद्ध है। यहां की व्यंजन अपनी पारंपरिक रेसिपीज और स्वादिष्टता के लिए जानी जाती हैं। उनमे से एक है गट्टे की सब्जी, जो न केवल स्वाद में लाजवाब है, बल्कि राजस्थान के भोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। आज हम आपको गट्टे की सब्जी बनाने की आसान रेसिपी बताएंगे।

गट्टे की सब्जी बनाने के लिए सामग्रीः

गट्टे के लिएः

बेसनः 1 कप
अजवाइनः 1/2 छोटी चम्मच
हींगः 1/4 छोटी चम्मच
नमकः स्वादानुसार
लाल मिर्च पाउडर 1/2 छोटी चम्मच
हल्दी पाउडरः 1/4 छोटी चम्मच
तेलः तलने के लिए
पानीः गट्टे गूंथने के लिए

सब्जी की ग्रेवी के लिएः

प्याज 1, बारीक कटा हुआ
टमाटर 2, बारीक कटे हुए
हरी मिर्च 2, बारीक कटी हुई
अदरक–लहसुन का पेस्ट 1 छोटी चम्मच
धनिया पाउडर 1 छोटी चम्मच
जीरा 1/2 छोटी चम्मच
गरम मसाला 1/2 छोटी चम्मच
लाल मिर्च पाउडर 1/2 छोटी चम्मच
हल्दी पाउडर 1/4 छोटी चम्मच
दहीः 2 बड़े चम्मच
नमक स्वाद अनुसार
तेल 2–3 बड़े चम्मच
हरा धनिया सजावट के लिए

गट्टे की सब्जी बनाने की रेसिपी

1.सबसे पहले एक बर्तन में बेसन डालें। उसमें अजवाइन, हींग, नमक, लाल मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण में धीरे–धीरे पानी डालकर गूंध लें, जो ना ज्यादा सख्त हो और ना ही बहुत नरम। गूंधे हुए मिश्रण को छोटे–छोटे लोगों (गट्टों) में रोल करें।

2. एक कढ़ाई में पानी गरम करने के लिए रखें और उसमें गट्टों को उबालें। पानी में उबालते समय ध्यान रखें कि गट्टे पानी के ऊपर तैरने लगें। गट्टे उबालकर निकाल लें और उन्हें ठंडा होने दें। अब गट्टों को छोटे–छोटे टुकड़ों में काट लें।

3. अब कढ़ाई में तेल गरम करें, उसमें जीरा डालकर उसे चटकने दें। फिर बारीक कटा प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें। अब इसमें अदरक–लहसुन का पेस्ट और हरी मिर्च डालें और एक–दो मिनट तक भूनें। अब टमाटर डालकर तब तक पकाएं जब तक टमाटर अच्छी तरह से मुलायम न हो जाएं।

4. फिर इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक डालकर अच्छे से मिलाएं और कुछ समय तक पकने दें। अब दही डालें और अच्छे से मिलाकर 2–3 मिनट तक पकाएं। इस मिश्रण में गट्टे के टुकड़े डालें और थोड़ी देर पकने दें ताकि गट्टे मसाले को अच्छे से सीख लें।

5. अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर एक उबाल आने दें। जब ग्रेवी थोड़ी गाढ़ी हो जाए तो गैस बंद कर दें।

गट्टे की सब्जी को हरे धनिये से सजा कर गरम गरम चावल या रोटी के साथ परोसें। इसे एक बार घर में जरूर बनाकर खाएं और राजस्थान के स्वाद का आनंद लें!

## संक्षिप्त




### डॉ. रेड्डी कर्मचारियों की संख्या में 25प्रतिशत की कटौती करेगी, उच्च वेतन वाले कर्मचारी प्रभावित होंगे : रिपोर्ट

फार्मा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज कथित तौर पर कार्यबल से संबंधित लागत में लगभग 25ः की कटौती कर रही है, जो हाल के वर्षों में भारतीय फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सबसे आक्रामक कॉर्पोरेट पुनर्गठन में से एक का संकेत है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, कई वरिष्ठ अधिकारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है, जिनमें 1 करोड़ रुपये से अधिक वेतन वाले कई कर्मचारी भी शामिल हैं। लागत में कटौती के इस अभियान ने लंबे समय से काम कर रहे 50–55 आयु वर्ग के कर्मचारियों को भी नहीं बख्शा है, विशेष रूप से अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) प्रभाग में, कथित तौर पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की पेशकश की गई है। हालांकि कंपनी ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है और एचटी स्वतंत्र रूप से रिपोर्ट की पुष्टि नहीं कर सका है, लेकिन सूत्रों ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया कि लागत में कटौती से नेतृत्व और मध्य–वरिष्ठ भूमिकाओं में उच्च वेतन वाले पेशेवरों पर असर पड़ने की संभावना है। डॉ रेड्डीज को हाल ही में आईटी विभाग से कारण बताओ नोटिस मिला है। पिछले सप्ताह, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड ने कहा था कि उसे आयकर प्राधिकरण से एक कारण बताओ नोटिस मिला है, जिसमें डॉ रेड्डीज होल्डिंग लिमिटेड (डीआरएचएल) के उसके साथ विलय से संबंधित 2,395 करोड़ रुपये से अधिक की प्रस्तावित मांग की गई है। डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि कंपनी को 4 अप्रैल, 2025 को हैदराबाद स्थित सहायक आयकर आयुक्त के कार्यालय से कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ। फाइलिंग में कहा गया है कि कंपनी को यह जवाब देने की आवश्यकता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), हैदराबाद द्वारा 5 अप्रैल, 2022 को अनुमोदित समामेलन योजना के तहत डीआरएचएल के डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज लिमिटेड (डीआरएल) में विलय के परिणामस्वरूप कर से बचने वाली कथित आय के आकलन के लिए नोटिस क्यों नहीं जारी किया जाना चाहिए।

### अलीबाबा का चीनी एआई स्टार्टअप झिपु इस वर्ष लाएगा IPO

अलीबाबा के नेतृत्व वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप झिपु ने बड़ा ऐलान किया है। झिपु ने आईपीओ की पेशकश के लिए चाइना इंटरनेशनल कैपिटल कॉर्प को सूचीबद्ध किया है। इसका मुख्य लक्ष्य सार्वजनिक बाजार में एंट्री करने वाली कई चौटजीपीटी कंपनियों में शीर्ष पर पहुंचना है। देश के शेयर बाजार नियामक के पास दाखिल आईपीओ डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक छह वर्षों पुरानी कंपनी और सीआईसीसी ने शुरुआत के लिए तैयारी शुरू कर दी है। अक्टूबर तक औपचारिक रूप से सूचीबद्ध होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग लिमिटेड और टेनसेंट होल्डिंग्स



लिमिटेड द्वारा समर्थित, झिपु उन मुट्ठी भर चीनी स्टार्टअप में से एक है जो वैश्विक स्तर पर ओपनएआई को टक्कर देने की कोशिश कर रहे हैं। डीपसीक के उभरने के बाद से, झिपु और मूनशॉट से लेकर मिनिमैक्स तक के प्रतिद्वंद्वियों ने तेजी से कम लागत वाली एआई सेवाएं शुरू की हैं, जिसका उद्देश्य उभरते क्षेत्र में अपनी जगह बनाना और भविष्य की प्रगति के लिए मानक स्थापित करना है। मार्च में झिपु ने स्थानीय सरकार समर्थित फर्मों के नेतृत्व में 1 बिलियन युआन (+ 137 मिलियन) के वित्तपोषण दौर को बंद कर दिया, जो डीपसीक के उदय के बाद एआई में बीजिंग की बढ़ती रुचि को रेखांकित करता है। यह निवेश जनवरी में अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा झिपू को एक अन्य व्यापार–प्रतिबंध काली सूची में डाले जाने के बाद किया गया, जिससे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी तक पहुंच बाधित होने का खतरा पैदा हो गया। चीनी कंपनी ने चीनी सेना के साथ कथित संबंधों से इनकार किया है। झिपु के आईपीओ का समय अभी भी स्पष्ट नहीं है। कई डीलमेकर चुपचाप बैठे हैं, जबकि निवेशक वैश्विक व्यापार और बाजार की अस्थिरता को पचा रहे हैं, लेकिन कई एआई स्टार्टअप्स को निवेश और अनुसंधान की तीव्र गति को बनाए रखने के लिए पूंजी की आवश्यकता होती है। डीपसीक द्वारा एक सक्षम मॉडल जारी किए जाने के बाद, जिसमें ओपनएआई सहित अमेरिकी समकक्षों की तुलना में बहुत कम लागत पर प्रशिक्षित किए जाने की बात कही गई है, चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियां कम लागत वाले एआई उत्पादों के निर्माण के लिए दौड़ रही हैं। एआई एजेंट, जो सिद्धांततः उपयोगकर्ताओं के लिए कार्य कर सकते हैं, अन्वेषण के सबसे गर्म क्षेत्रों में से एक हैं। बीजिंग स्थित झिपु ने गहन शोध के लिए अपना स्वयं का ऑटोजीएलएम लांच किया है। ज़िपु के मुख्य कार्यकारी अधिकारी झांग पेंग ने उस समय एक प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि वेब ब्राउज़र के माध्यम से एक्सेस किए जाने पर एआई एजेंट ने ओपनएआई के जीपीटी–4व और एंथ्रोपिक के क्लाउड 3.5 सॉनेट से बेहतर प्रदर्शन किया। मंगलवार को, ज़िपू ने अपनी जीएलएम श्रृंखला के तहत एक और ओपन–सोर्स मॉडल जारी किया, जिसके बारे में उनका कहना है कि इसकी कीमत डीपसीक के आर1 की तुलना में बहुत कम है। सभी खिलाड़ी तीव्र प्रतिस्पर्धा से बच नहीं सकते। चीनी उद्यमी काई–फू ली को उम्मीद है कि आने वाले घरेलू उतार–चढ़ाव से केवल तीन एआई मॉडल ही बच पाएंगे।

# पंजाब के सामने कोलकाता की चुनौती, श्रेयस और रहाणे पर रहेंगी नजरें





मुल्लांपुर। सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स मंगलवार को जीत की पटरी पर लौटने उतरेगी। उनका सामना मंगलवार को गत विजो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। यह मैच मुल्लांपुर में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली टीम पांच मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ छठे पायदान पर हैं। वहीं, कोलकाता छह मैचों में तीन जीत और इतनी ही हार के साथ पांचवें स्थान पर है।

**245 रन के स्कोर को बचाने में नाकाम रही पंजाब**

ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक की 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब किंग्स अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। पंजाब किंग्स की पारी में 36 गेंद पर 82 रन बनाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर के पास अभिषेक के सामने अपने गेंदबाजों की दुर्दशा को देखकर मुस्कुराने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। यह मैच हैदराबाद में खेला गया था जहां कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं माना जाता है।

**मुल्लांपुर में अब तक खेले गए दो मुकाबले**

पंजाब अब अपना अगला मैच अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा जहां के विकेट को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माना जाता है। यहां अभी तक दो मैच खेले गए हैं जिनमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 200 से अधिक रन का स्कोर बनाया था। ऐसे में पंजाब के टीम प्रबंधन को अब फैसला करना होगा कि वह किस तरह की परिस्थितियों में खेलना चाहते हैं। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का आत्मविश्वास निश्चित तौर पर डिग गया होगा। विशेष कर उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल का मनोबल जरूर प्रभावित हुआ होगा क्योंकि इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में 96 रन लुटा दिए थे।

**कोलकाता के इन बल्लेबाजों से रहना होगा सावधान**

इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर निश्चित तौर पर असमंजस की स्थिति में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार करवाता है तो फिर इसकी कोई गारंटी नहीं कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। एक ऐसा आंकड़ा जिस पर पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग गौर नहीं करना चाहेंगे, वह है उनकी गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट। उसका कोई भी गेंदबाज नौ रन प्रति ओवर से नीचे नहीं गया। आमतौर पर भरोसेमंद चहल ने पांच मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं।

**मैकस्वेल और स्टोइनिस से पंजाब को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद**

पंजाब अगर धीमा विकेट तैयार करवाता है तो उसका यह दांव भी उल्टा पड़ सकता है क्योंकि नाइट राइडर्स के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन जैसे स्पिनर है जो अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने में माहिर हैं। नाइट राइडर्स एक ऐसी टीम है जो सपाट और धीमे विकेट दोनों पर अपना कमाल दिखा सकती है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर पटखनी दी थी जिससे निश्चित तौर पर टीम का मनोबल बढ़ा होगा। पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी काफी हद तक कप्तान अय्यर (250 रन) पर निर्भर है, जिन्होंने अब तक पांच मैचों में तीन अर्धशतक लगाए हैं। प्रियांश आर्या (194 रन) इस सत्र की खोज रहे हैं। नेहल वढेरा (141 रन), प्रभसिमरन सिंह (133 रन) और फिनिशर शशांक सिंह (108 रन) भी टीम का मजबूत पक्ष हैं। लेकिन पंजाब की कमजोर कड़ी उसके भारतीय खिलाड़ी नहीं बल्कि दो ऑस्ट्रेलियाई ग्लेन मैक्सवेल (34 रन) और मार्कस स्टोइनिस (59 रन) हैं, जिन्होंने अब तक बल्ले से खास योगदान नहीं दिया है।

**दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 इस प्रकार है**

पंजाब किंग्सरू प्रियांश आर्या, प्रभसिमरन सिंह, श्रेयस अय्यर (कप्तान), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, सूर्यांश शेडगे, मार्को यानसेन, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह।


इंपैक्ट प्लेयरः नेहल वढेरा।


कोलकाता नाइट राइडर्सरू क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह, मोइन अली, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती।

इंपैक्ट प्लेयरः अंगकृष रघुवंशी।


# अंपायरों ने बल्ले के आकार की शुरू की जांच, आईपीएल में बीसीसीआई ने क्यों लागू किया यह नियम ? जानिए


नई दिल्ली। आईपीएल में लग रहे लंबे छक्कों को ध्यान में रखते हुए परंपरा से हटकर मैदानी अंपायरों ने बल्लेबाजों के बल्ले के आकार की आकस्मिक जांच शुरू कर दी है। बल्ले की जांच का उद्देश्य बल्लेबाजों को अनुचित लाभ से रोकना है। बल्लों की जांच एक प्रचिलित प्रक्रिया है, लेकिन पिछले सत्र तक इसे ड्रेसिंग रूम के अंदर तक ही सीमित करके रखा गया था, लेकिन आईपीएल में बल्लेबाजों की ओर से लगातार लगाए जा रहे लंबे और बड़े स्ट्रोकों को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई ने और भी ज्यादा सतर्क रहने का फैसला लिया है। इसके तहत बोर्ड ने मैदानी अंपायरों को लाइव मैच के दौरान बल्लेबाजों के बल्ले की जांच का अधिकार दिया है। अंपायरों को अगर मैच के दौरान लगता है कि बल्लेबाज का बल्ला निर्धारित आकार से अधिक मोटा है तो वे मैच के बीच में ही उसके बल्ले की जांच कर सकते हैं। 100 से अधिक आईपीएल मैचों में अंपायरिंग कर चुके एक पूर्व अंपायर ने बताया कि अंपायर अपने पास निर्धारित बल्ले के आकार का बैट गॉज रखते हैं।









चर्चित कथाकार और शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव जी का ग्रामीण पृष्ठभूमि पर लिखा बहु प्रतीक्षित




समूह के लोकप्रिय साहित्यकार श्री उमेश श्रीवास्तव जी का कहानी संग्रह इलाहाबाद मडुवाडीह पैसेंजर प्रकाशित हो गया है। उमेश श्रीवास्तव जी को बहुत बधाई एवम शुभकामना।




ठिगना भाई ठाढ़े भये (Thigna Bhai Thade Bhaye)

## संक्षिप्त

### भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए सऊदी हज पोर्टल फिर से खुला, 10 हजार को होगा फायदा

सऊदी हज मंत्रालय ने मीना में वर्तमान में उपलब्धता के आधार पर 10 हजार तीर्थयात्रियों को शामिल करने के लिए संयुक्त हज समूह ऑपरेटरों (सीएचजीओ) के लिए हज (नुसुक) पोर्टल को फिर से खोलने का फैसला किया है। ये जानकारी हज यात्रा को लेकर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को दी है। मंत्रालय की मानें तो सीएचजीओ को बिना समय गंवाए अपनी प्रक्रिया को पूरा करना होगा, जिसके निर्देश जारी हो चुके है। ये घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में जानकारी आई थी कि 52,000 भारतीय हज यात्रियों का इस वर्ष हज जाना संदिग्ध है क्योंकि सऊदी अरब ने मीना में उन क्षेत्रों को रद्द कर दिया है, जो पहले निजी टूर ऑपरेटरों को आवंटित किए गए थे। सरकार की 2025 की हज नीति के अनुसार, भारत को आवंटित कुल हज यात्रियों के कोटे में से 70 प्रतिशत कोटा भारतीय हज समिति द्वारा प्रबंधित किया जाएगा, जबकि शेष कोटा निजी हज समूह आयोजकों को आवंटित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा है कि सऊदी अरब द्वारा भारत को 2025 के लिए 1,75,025 (1.75 लाख) का कोटा आवंटित किया गया है। पिछले सप्ताह अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के सचिव चन्द्रशेखर कुमार, संयुक्त सचिव सीपीएस बख्शी के साथ भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए चल रही हज तैयारियों की समीक्षा करने के लिए जेद्दा गए थे। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 11 जनवरी से 12 जनवरी तक सऊदी अरब का दौरा किया। इस यात्रा में हज यात्रा की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इसमें हज 2025 के लिए द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर, हज और उमराह सम्मेलन और प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में भाग लेना और सऊदी गणमान्य व्यक्तियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें शामिल थीं। बता दें कि इस वर्ष हज 2025 में 4 जून से 9 जून के बीच होने की संभावना है, जो कि चांद के दिखने पर निर्भर करेगा, जो इस्लामी कैलेंडर के अंतिम महीने, ज़िल–हज्ज की शुरुआत का संकेत देता है।

### उत्तर–पश्चिमी पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसा, ट्रक और बस की सीधी टक्कर में 10 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। उत्तर–पश्चिमी पाकिस्तान में मंगलवार को एक ट्रक और यात्री वाहन के बीच हुई आमने–सामने की टक्कर में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। हादसे में आठ आठ घायल भी हुए हैं। 1122 रेस्क्यू के प्रवक्ता ने बताया कि यह दुर्घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में मुख्य सिंधु राजमार्ग पर लक्की घुंडा खेल के पास हुई। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद पांच एंबुलेंस और एक रिकवरी वाहन घटनास्थल पर भेजा गया। बचाव दल ने सभी लोगों को बस जैसे यात्रर वाहन से बाहर निकाला। घायलों को जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई घायलों की हालत गंभीर है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने 10 यात्रियों की मौत पर दुख जताया और मृतकों के लिए प्रार्थना की। इस बीच उत्तर–पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो पोलियो टीकाकरणकर्ताओं का अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने सोमवार को पाकिस्तान के उत्तर–पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बंदूक की नोक पर दो पोलियो टीकाकरणकर्ताओं का अपहरण कर लिया। कार्यकर्ताओं की पहचान मुहम्मद आसिफ और रज मुहम्मद के रूप में हुई है। बताया गया कि पांच हथियारबंद लोगों हथियारबंद लोगों ने कुलाची से डेरा इस्माइल खान जा रही एक यात्री बस को रोका। फिर पोलियो कार्यकर्ताओं को उतारकर अज्ञात स्थान पर ले गए। मुहम्मद आसिफ कुलाची जिले के पोलियो गांव मुड्डी मुहम्मद और रज मुहम्मद पोलियो के प्रभारी हैं।

### सिंगापुर में आम चुनाव का एलान: 23 अप्रैल से नामांकन, तीन मई को मतदान, राष्ट्रपति के संसद भंग करने के बाद फैसला

सिंगापुर। सिंगापुर में 14वें आम चुनावों का एलान हो गया है। चुनाव विभाग ने तारीखों का एलान करते हुए कहा कि देशभर में तीन मई को मतदान होगा। जबकि नामांकन 23 अप्रैल से शुरू होंगे। इससे पहले राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम ने प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सलाह पर संसद को भंग कर दिया। राजनीतिक दलों ने भी चुनाव को लेकर कमर कस ली। यहां मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ पीएपी और विपक्षी वर्कर्स पार्टी के बीच है। सिंगापुर की सत्ता पर 1965 से कायम पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नेतृत्व में अपना किला बचाने का प्रयास कर रही है। वोंग ने पिछले साल मई में सिंगापुर के चौथे नेता के रूप में शपथ ली थी। इस चुनाव में वे मजबूत जीत हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि सरकार के प्रति मतदाताओं के बढ़ते असंतोष के कारण 2020 के चुनावों में पीएपी को झटका लगा था।

युवा मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश

पीएपी प्रमुख के रूप में अपने पहले आम चुनाव में वोंग असंतुष्ट युवा मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिश में है। उन्होंने फॉरवर्ड सिंगापुर योजना शुरू की जिसका उद्देश्य सिंगापुर के लोगों को यह कहने का मौका देना है कि अगली पीढ़ी के लिए अधिक संतुलित, जीवंत और समावेशी एजेंडा कैसे विकसित किया जाए? इसके साथ ही पीएपी में नई जान फूंकने के लिए 30 से ज्यादा नए उम्मीदवार उतारने का एलान किया है। वोंग ने चेतावनी दी है कि आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच आपके कॉकपिट में कौन है, यह मायने रखता है, क्योंकि अमेरिकी टैरिफ वैश्विक व्यापार प्रणाली को प्रभावित करते हैं। पिछले दिनों पीएम लॉरेंस वोंग ने फेसबुक पोस्ट में कहा था कि हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक दलों के बीच नहीं है, बल्कि सिंगापुर बनाम दुनिया है।


## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश राज्य के प्रयागराज जिले से प्रकाशित समाचार पत्र को समस्त जनपदों में एवम तहसील व ब्लॉक/शहर में ब्यूरो प्रमुख, चीफ रिपोर्टर, संवाददाता, प्रतिनिधि मण्डल की अवश्यकता है जिन्हे आकर्षण वेतन और भत्ते आदि सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

सम्पर्क सूत्र
शहर समता हिन्दी दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र
मोबाईल नम्बर 9190052 39332
919450482227


# बांग्लादेश में हिंदुओं को पोइला बैशाख मनाने से रोका गया, वक्फ बिल के विरोध में ढाका में कट्टरपंथी करेंगे बड़ा विरोध प्रदर्शन

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें तो रोजाना आती हैं लेकिन अब उन्हें अपने त्योहारों और पर्वों को भी मनाने से रोका जा रहा है। दूसरी ओर भारत की संसद से पारित वक्फ बिल को लेकर बांग्लादेशी कट्टरपंथियों ने बड़े विरोध प्रदर्शन की घोषणा भी की है जिसके चलते वहां के हिंदुओं के मन में डर बैठ गया है। जहां तक बांग्लादेशी हिंदुओं के विरोध में उठाये गये ताजा कदम की बात है तो आपको बता दें कि 47 वर्षों में पहली बार चटगाँव के डीसी हिल में बंगाली नववर्ष उत्सव को रद्द कर दिया गया। उत्सव के लिए हिंदुओं ने काफी दिनों से तैयारी की थी और एक भव्य समारोह आयोजित किया जाना था लेकिन उससे पहले ही अज्ञात लोगों ने पोइला बैशाख उत्सव मनाने के लिए लगाए गए बैनर, तोरण और साइड स्टेज को तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 30–40 लोगों का एक समूह कार्यक्रम स्थल की ओर मार्च करते हुए आया और नारे लगा रहा था कि ष्फासीवादियों के साथी,



सावधान!ष और ष्अवामी लीग के एजेंट, सावधान!ष उसके बाद वहां तोड़फोड़ शुरू हो गयी। बाद में आयोजकों ने विरोध में सभी निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इसी तरह बांग्लादेश में कई जगह बंगाली हिंदुओं को उत्सव मनाने से रोका गया। उधर, ऐसे घटनाक्रमों की निंदा करते हुए बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि स्वतंत्रता विरोधी ताकतों ने अवैध रूप से सत्ता पर कब्जा कर लिया है और वे देश की धर्मनिरपेक्ष संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। शेख हसीना ने बांग्लादेश की जनता से ऐसे अतिक्रमणकारियों को बाहर निकालने का आग्रह भी किया। शेख हसीना ने बंगाली नववर्ष– पोहेला बोइशाख के अवसर पर एक बयान में कहा, श्बांग्लादेश में मुक्ति–विरोधी ताकतों ने अवैध रूप से सत्ता पर कब्जा कर लिया है। वे बंगाली संस्कृति को नष्ट करने की सक्रिय रूप से कोशिश कर रहे हैं।'' शेख हसीना ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ''अतीत में जब भी स्वतंत्रता विरोधी ताकतों ने सत्ता हासिल की, उन्होंने देश के इतिहास, विरासत और संस्कृति पर हमला किया। उन्होंने न केवल मंगल शोभायात्रा को रोकने की कोशिश की, बल्कि इसका नाम बदलने की भी कोशिश की।'' भारत में रह रहीं शेख हसीना ने कहा कि जो लोग अब बांग्लादेश चला रहे हैं, वे "राष्ट्र के दुश्मन" और "हमारी संस्कृति के दुश्मन" हैं। उन्होंने कहा, ''आइए, हम मुक्ति–विरोधी और संस्कृति–विरोधी ताकतों को खदेड़ दें और वैश्विक मंच पर बांग्लादेश का सिर ऊंचा करें। बंगाली नववर्ष के इस शुभ अवसर पर, आइए, हम उन सभी चीजों को अस्वीकार करने का संकल्प लें जो अस्वस्थ, बदसूरत या विकृत संस्कृति का हिस्सा हैं– और इसके बजाय हम, एक स्वस्थ, सुंदर और रचनात्मक जीवन शैली को अपनाएं।

कट्टरपंथियों ने किया बड़ा ऐलान

हम आपको यह भी बता दें कि बांग्लादेश की दक्षिणपंथी इस्लामिस्ट पार्टी खिलाफत मजलिस 23 अप्रैल को ढाका में भारतीय दूतावास की ओर एक सामूहिक मार्च और ज्ञापन लेकर भारतीय संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को रद्द करने और पूरे भारत में मुसलमानों की लगातार हो रही कथित हत्याओं की मांग करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, खिलाफत मजलिस के प्रमुख मौलाना मामुनुल हक ने घोषणा की कि भारत में मुसलमानों की जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। मौलाना के भड़काऊ भाषण में यह भी कहा गया कि ष्मुसलमानों की निजी और वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण करके या अवैध रूप से कब्जा करके, वे वहां मंदिरों सहित विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कर रहे हैंष। मौलाना मामुनुल हक ने कहा, षहिंदुत्ववादी भाजपा सरकार लंबे समय से पूरे भारत में मुसलमानों की हत्या कर रही है। उन्होंने पार्टी के चरमपंथी हिंदू आतंकवादियों को मुसलमानों पर छोड़ दिया है।ष संबोधन में आगे दावा किया गया कि इन अतिक्रमणों और अधिग्रहणों को कानूनी ढांचा देने के लिए वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही इन कदमों पर अपना गुस्सा और निंदा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में मुसलमानों ने बिल के विरोध में प्रदर्शन किया। मौलाना ने कहा कि यह बिल मूल रूप से मुसलमानों के धार्मिक कानूनों और अधिकारों में हस्तक्षेप करता है। मौलाना ने कहा कि मुस्लिम दुनिया को भारत द्वारा मुसलमानों की हत्या और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में उसके हस्तक्षेप के खिलाफ बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और उसका निम्न–गुणवत्ता वाला मीडिया लगातार दुनिया भर में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का झूठा प्रचार कर रहा है। इसके साथ ही खिलाफत मजलिस के नेताओं ने बांग्लादेश की सरकार से तुरंत अपनी चिंता व्यक्त करने और भारत में मुसलमानों की हत्या का विरोध करने का आह्वान किया। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक बैठक में पार्टी के महासचिव मौलाना जलालुद्दीन अहमद, वरिष्ठ नेता नायब अमीर मौलाना यूसुफ अशरफ, मौलाना रजाउल करीम जलाली, मौलाना अफजलुर रहमान और पूर्व विधायक मौलाना शाहीनुर पाशा चौधरी और मौलाना कुर्बान अली भी मौजूद थे। नरेंद्र मोदी सरकार के नए संशोधित वक्फ अधिनियम के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन की घोषणा ढाका में पार्टी के मुख्यालय में आयोजित केंद्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में की गई।

# इस्राइल ने गाजा में अस्पताल के गेट पर किया हवाई हमला, तीन चिकित्सक और सात मरीज घायल

गाजा पट्टी। इस्राइल ने मंगलवार को गाजा पट्टी में एक फील्ड अस्पताल के गेट पर हवाई हमला किया। इस हमले में तीन चिकित्सक और सात मरीज समेत 10 लोग घायल हो गए। अस्पताल के प्रवक्ता सबर मोहम्मद ने बताया कि दो मरीज गंभीर रूप से घायल हैं। हालांकि, इस्राइली सेना की ओर से हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इस्राइली हवाई हमला मुवासी इलाके में कुवैती फील्ड अस्पताल पर हुआ, जहां लाखों लोग विशाल टेंट कैंपों में शरण लिए हुए हैं। इससे पहले, इस्राइल ने निकासी का आदेश देने के बाद रविवार को उत्तरी गाजा में अल–अहली अस्पताल पर हमला किया। अस्पताल के अनुसार, निकासी के दौरान एक मरीज की मौत



हो गई। इसके अलावा, हमले में आपातकालीन कक्ष, फार्मेसी और आसपास की इमारतों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा। यरूशलम निवासी अस्पताल संचालक एपिस्कोपल डायोसीज ने हमले की निंदा की। वहीं, इस्राइल ने अपने बचाव में कहा कि उसने अस्पताल के भीतर हमास कमांडर और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया था। बता दें कि इस्राइली सेना ने 18 महीने के युद्ध के दौरान कई बार अस्पतालों को निशाना बनाया है। इस्राइल ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अस्पतालों को छिपने और सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, हमास ने इस्राइल के आरोपों को खारिज कर दिया। वहीं, अस्पताल के कर्मचारियों ने भी इस्राइल के आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने इस्राइल पर नागरिकों को खतरे में डालने और क्षेत्र की स्वास्थ्य प्रणाली को नष्ठ करने का आरोप लगाया है। हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्तूबर, 2023 को दक्षिणी इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर नागरिक थे। इसके अलावा, हमास के आतंकवादियों ने 251 लोगों का अपहरण कर बंधक बना लिया था। जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल ने भी गाजा पट्टी पर हमला किया, जिसके बाद हमास और इस्राइल के बीच युद्ध शुरू हो गया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइल के जवाबी हमले में 51,000 लोग मारे गए हैं। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि मरने वालों में कितने नागरिक और कितने लड़ाके हैं।

### नासा के अधिकारी–कर्मचारियों को भी नहीं बख्श रहे ट्रंप, अब भारतीय मूल की डीईआई प्रमुख को किया बर्खास्त

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बड़े पैमाने पर संघीय कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं। अब ट्रंप ने नासा के अधिकारियों और कर्मचारियों की बर्खास्तगी का आदेश जारी किया है। इसके बाद नासा ने भारतीय मूल की विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) प्रमुख नीला राजेंद्र को बर्खास्त कर दिया। पहले ट्रंप के आदेश के बाद नासा ने नीला राजेंद्र का पदनाम



बदलकर टीम एक्सीलेंस और कर्मचारी सफलता के कार्यालय का प्रमुख कर दिया था, लेकिन अंततरू उनको नौकरी से हाथ धोना पड़ा। पिछले सप्ताह नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला ने ईमेल जारी किया। इसमें प्रयोगशाला में काम करने वाले कर्मचारियों को नीला राजेंद्र को बाहर निकालने की सूचना दी गई। नासा के जेपीएल के निदेशक लॉरी लेशिन की ओर से भेजे गए ईमेल में लिखा गया कि नीला राजेंद्र अब जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला में काम नहीं कर रही हैं। हम उनके संगठन में किए गए स्थायी प्रभाव के लिए बेहद आभारी हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। इससे पहले नीला राजेंद्र नासा के विविधता विभाग की प्रमुख थीं। जिसे मार्च में डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकारी आदेश के बाद बंद कर दिया गया। ट्रंप के आदेश के बाद नासा ने नया विभाग बनाते हुए 10 मार्च को एक ईमेल जारी किया था। इसमें नासा के कर्मचारियों को बताया गया था कि नीला राजेंद्र अब श्टीम उत्कृष्टता और कर्मचारी सफलता कार्यालयश की प्रमुख होंगी। नई भूमिका संभालने के बाद राजेंद्र ने लिंक्डइन पर लिखा था कि नासा में नवगठित कार्यालय के प्रमुख के रूप में उनका काम मुख्य रूप से एक साथ महान कार्य करने की हमारी क्षमता को उजागर करना है। मगर अप्रैल की शुरुआत में ट्रंप की सख्त कार्रवाई के बाद नीला राजेंद्र को बर्खास्त कर दिया गया। ट्रंप ने सरकारी एजेंसियों में चल रहे विविधता कार्यक्रमों को बंद कर दिया है।

कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे कार्यक्रमों ने अमेरिकियों को नस्ल, रंग और लिंग के आधार पर बांटा है। करदाताओं के पैसे बर्बाद किए हैं और शर्मनाक भेदभाव को जन्म दिया है। नीला राजेंद्र कई वर्षों तक नासा में नेतृत्वकारी भूमिका में रहीं। वे नासा में विविधता लाने के प्रयासों की प्रभारी थीं। उन्होंने स्पेस वर्कफोर्स 2030 शुरू किया।


प्रतापगढ़ ब्यूरो
शरद कुमार श्रीवास्तव
7/31, अचलपुर, प्रतापगढ़

संस्थापक
स्व.कन्हैया लाल
स्व.श्रीमती साधना
सम्पादक
उमेश चंद्र श्रीवास्तव
प्रबन्ध सम्पादक
अरविन्द पाण्डेय
संयुक्त सम्पादक
अनंत श्रीवास्तव
संयुक्त सम्पादक (तकनीकी)
केशव श्रीवास्तव
विधि सलाहकार
कल्पना श्रीवास्तव


# पहले कार्यकारी आदेश पर अमल: दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगा सकते हैं ट्रंप

## 20 अप्रैल को हो सकती है सेना की तैनाती

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण को 20 अप्रैल को 90 दिन पूरे होने वाले हैं। इसके साथ ही ट्रंप के पहले कार्यकारी आदेश पर अमल करने की तैयारी शुरू हो गई है। दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लागू करने के कार्यकारी आदेश को भी 20 अप्रैल को लागू किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ट्रंप आदेश के तहत सेना की तैनाती कर सकते हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इस आदेश में प्रावधान था कि घोषणा की तिथि से 90 दिनों के भीतर, रक्षा सचिव और गृह सुरक्षा सचिव संयुक्त राज्य अमेरिका की दक्षिणी सीमा की स्थितियों के बारे में राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपेंगे। साथ ही अतिरिक्त कार्रवाई की सिफारिशें करेंगे। इसके तहत 1807 के विद्रोह अधिनियम को भी लागू किया जा सकता है। कार्यकारी आदेश के 90 दिन पूरे होने में एक सप्ताह से कम समय बचा है। इसलिए माना जाने लगा है कि ट्रंप वास्तव में विद्रोह अधिनियम लागू करेंगे और 20 अप्रैल को दक्षिणी सीमा पर सेना तैनात करेंगे। हालांकि अब तक रक्षा सचिव और होमलैंड सुरक्षा सचिव ने अमेरिकी राष्ट्रपति को



अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। उन्हें मिशन की अब तक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी नहीं दी है। इसके चलते लोगों को लग रहा है कि कई लोगों को यकीन है कि पुराने कानून को जल्द ही दक्षिणी सीमा पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने के लिए लागू किया जाएगा।

1807 के विद्रोह अधिनियम में क्या?

अमेरिका के 1807 के विद्रोह अधिनियम के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति कुछ स्थितियों और परिस्थितियों में कानून को लागू करने के लिए सेना और यूएस नेशनल गार्ड की तैनाती की अनुमति दे सकते हैं। यह सेना को किसी भी विद्रोह, बगावत या हिंसा या प्रतिरोध के किसी भी कृत्य को पूरी तरह से दबाने का अधिकार देता है। यह अमेरिकी राष्ट्रपति अमेरिकी सशस्त्र बलों के कमांडर–इन–चीफ – को यह तय करने की पूरी शक्ति देता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर अमेरिकी सैनिकों को कब, कहां और कब तैनात किया जाए।

आदेश में क्या कहा गया

व्हाइट हाउस में ट्रंप की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल का एलान कर दिया गया था। इसके तहत सभी अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी। इस कार्यकारी आदेश के जरिए अब अमेरिका दक्षिणी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सेना भेज सकता है।

अमेरिकी रक्षा विभाग का दावा

ट्रंप के कार्यकारी आदेश के दो दिन बाद 22 जनवरी, 2025 को अमेरिकी रक्षा विभाग ने घोषणा की थी कि वह सीमा सुरक्षा लागू करने के लिए कार्यरत अन्य संघीय एजेंसियों और सेवा शाखाओं की सहायता के लिए अतिरिक्त वायु और खुफिया संपत्तियों के साथ 1,500 सक्रिय–ड्यूटी सेवा सदस्यों को दक्षिणी सीमा पर भेजेगा। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने पुष्टि की कि उनका विभाग क्यूबा के ग्वांतानामो बे में 30,000 आपराधिक प्रवासियों को रखने का इरादा रखता है। राष्ट्रपति की घोषणा के बाद कि वह रक्षा विभाग को ऐसा करने का निर्देश देने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे।


शहर समता
स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक उमेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कम्पीटेन्ट बिजनेस सर्विसेज, विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित कराकर 289/238ए,कर्नलगंज इलाहाबाद से प्रकाशित
सम्पादक
उमेश चन्द्र श्रीवास्तव
मो.नं.9005239332
आर.एन.आई.नं.
यूपीएचआईएन/2004/22466
Email : shaharsamta@gmail.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।